जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

हिण्डौनसिटी

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौनसिटी, शनिवार 4 जनवरी, 2025

सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

एक वर्ष
परिणाम उत्कर्ष



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

## अवसरों के खुल रहे द्वार
## युवाओं के लिए नौकरियां अपार

## वर्ष 2025 में लगभग 81000 सरकारी नौकरियों हेतु परीक्षाओं का कैलेंडर

| क्र.सं. | पदनाम | पदों की संख्या | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | कनिष्ठ अनुदेशक | 1821 | 04 से 05 जनवरी<br>07 से 10 जनवरी |
| 2 | सहायक अभियोजन अधिकारी (प्रा.) | 181 | 19 जनवरी |
| 3 | आर.ए.एस - 2024 (प्रा.) | 733 | 02 फरवरी |
| 4 | कनिष्ठ अभियंता | 1226 | 06 से 11 और 22 फरवरी |
| 5 | पुस्तकालयाध्यक्ष - माध्यमिक शिक्षा | 300 | 16 फरवरी |
| 6 | सर्वेयर, फोरमैन | 72 | 23 फरवरी |
| 7 | अधिशाषी अधिकारी | 90 | 23 मार्च |
| 8 | राजस्व अधिकारी | 21 | 23 मार्च |
| 9 | जेल प्रहरी | 803 | 09, 11 व 12 अप्रैल |
| 10 | कृषि अधिकारी | 52 | 20 अप्रैल |
| 11 | शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक<br>पुस्तकालयाध्यक्ष - संस्कृत शिक्षा | 20<br>20 | 04 से 06 मई |
| 12 | भूवैज्ञानिक<br>सहायक खनिज अभियंता | 32<br>24 | 07 मई |
| 13 | सहायक आचार्य (8 विषय)<br>चिकित्सा शिक्षा विभाग | 15 | 12 से 16 मई |
| 14 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी | 14 | 12 से 16 मई |
| 15 | जनसम्पर्क अधिकारी | 06 | 17 मई |
| 16 | कनिष्ठ तकनीकी सहायक | 2200 | 18 मई |
| 17 | सहायक अभियोजन अधिकारी (मुख्य) | - | 01 जून |
| 18 | 22 कैडर के विभिन्न पद - चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग (एन.एच.एम.) | 8256 | 02 से 13 जून |
| 19 | पशुधन सहायक | 2041 | 13 जून |
| 20 | लेखा सहायक | 400 | 16 जून |
| 21 | आर.ए.एस. - 2024 (मुख्य) | - | 17 से 18 जून |
| 22 | प्राध्यापक (24 विषय) | 2202 | 23 जून से 06 जुलाई |
| 23 | सहायक आचार्य - चिकित्सा शिक्षा विभाग | 329 | 23 जून से 06 जुलाई |
| 24 | बायोकेमिस्ट | 13 | 07 जुलाई |
| 25 | तकनीकी सहायक (भू-भौतिक) | 03 | 07 जुलाई |
| 26 | सहायक परीक्षण अधिकारी | 04 | 08 जुलाई |
| 27 | कनिष्ठ रसायनज्ञ | 01 | 08 जुलाई |
| 28 | सहायक निदेशक | 09 | 09 जुलाई |
| 29 | अनुसंधान सहायक | 26 | 10 जुलाई |
| 30 | उपकारापाल | 73 | 13 जुलाई |
| 31 | पुस्तकालयाध्यक्ष - माध्यमिक व संस्कृत शिक्षा | 548 | 27 जुलाई |
| 32 | समूह अनुदेशक / सर्वेयर / सहायक शिक्षुता सलाहकार | 68 | 29 जुलाई |
| 33 | सहायक मत्स्य विकास अधिकारी | 08 | 29 जुलाई |
| 34 | उपाचार्य / अधीक्षक - कौशल रोजगार एवं उद्यमिता विभाग | 36 | 30 जुलाई से 01 अगस्त |
| 35 | एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (एसीपी) | 45 | 17 अगस्त |
| 36 | वरिष्ठ अध्यापक | 2129 | 07 से 12 सितम्बर |
| 37 | संरक्षण अधिकारी | 04 | 13 सितम्बर |
| 38 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 52453 | 18 से 21 सितम्बर |
| 39 | सहायक अभियंता (प्रा.) | 1014 | 28 सितम्बर |
| 40 | सहायक सांख्यिकी अधिकारी | 43 | 12 अक्टूबर |
| 41 | सहायक कृषि अधिकारी<br>कृषि अनुसंधान अधिकारी, सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी<br>सांख्यिकी अधिकारी | 125<br>98<br>18 | 12 से 19 अक्टूबर |
| 42 | उप निरीक्षक (दूरसंचार) | 98 | 09 नवम्बर |
| 43 | वाहन चालक | 2756 | 22 से 23 नवम्बर |
| 44 | सहायक आचार्य - उच्च शिक्षा विभाग | 575 | 01 से 24 दिसम्बर |

सरकार के प्रथम वर्ष में लगभग 47,000 नियुक्तियां प्रदत्त

12 जनवरी को लगभग 13,500 और नियुक्ति पत्र वितरण

15,000 नियुक्तियों हेतु परीक्षा आयोजित, परिणाम शीघ्र

राजस्थान संवाद

**निभाई जिम्मेदारी – हर घर खुशहाली**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

## विचार बिन्दु

**बेहतर यही होगा कि आप कोशिश करें शायद इसमे आप नाकामयाब हो जाऐं और उससे कुछ सीखें बजाये इसके कि आप कुछ करें ही नहीं।**

**–मार्क जकरबर्ग**

# कॉपी पेस्ट में सिमटती आज की युवा पीढ़ी

तकनीक का कमाल देखिए कि आज की पीढ़ी कट पेस्ट तक सिमटती जा रही है। इसमें कोई दो राय भी नहीं होनी चाहिए कि कट पेस्ट की पीढ़ी में गंभीरता की मांग करना बेमानी होगा। हांलाकी बात अवश्य कड़वी हो सकती है पर इसमें कोई दो राय नहीं कि इंटरनेट, कम्प्यूटर और मोबाइल ने आज की पीढ़ी को शार्टकट की जिंदगी जीना सिखा दिया है। आज का युवा कट पेस्ट के सहारे अपना काम चला रहा है। कोई जानकारी लेनी है तो सीधा गूगल गुरु की शरण में जाता है और एक ही प्रश्न से संबंधित सामग्री के अनेक स्त्रोत देख कर वह अपनी सुविधा के अनुसार जो उसे सही लगता है कट किया और उसके बाद पेस्ट करके अपना काम पूरा कर लेता है। यह सब चिंतनीय इसलिए है कि सालाना माड्यूलर सर्वेक्षण 2024 में यह सामने आया है कि डेटा, सूचना, दस्तावेजों आदि के लिए इंटरनेट की शरण में चले जाते हैं और वहां पर जो मिलता है उसी को पेस्ट कर इतिश्री कर लिया जाता है। सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार देश में उत्तराखण्ड के युवा सबसे आगे हैं और उत्तराखण्ड के करीब 66 फीसदी युवा कॉपी पेस्ट के सहारे काम चला रहे हैं। उत्तराखण्ड के पीछे-पीछे ही बिहार के युवा हैं और बिहार के 60 प्रतिशत युवा कट पेस्ट के सहारे ही काम चला रहे हैं। उत्तरप्रदेश के युवाओं के हालात भी कमोबेस यही है और उत्तरप्रदेश के 56 फीसदी युवा कट पेस्ट का सहारा ले रहे हैं।

देखा जाए तो तकनीक के उपयोग में कोई बुराई नहीं हैं अपितु तकनीक के उपयोग में आगे रहना समय की मांग होती है। पर बौद्धिक विकास या तार्किकता की पहली शर्त ही अध्ययन मनन होती है। सबसे बड़ी समस्या यही है कि आज का युवा पढ़ने-पढ़ाने से दूर होता जा रहा है। जिस तरह से परीक्षा के दिनों में वन विक सीरीज से काम चलाया जाता था ठीक उसी तरह से अब गूगल गुरु के सहारें काम चलाया जा रहा है। सबसे अधिक चिंतनीय यह है कि ऐसे में युवाओं के समग्र बौद्धिक विकास की बात करना बेमानी हो जाता है। जब एक क्लिक में सामग्री मिल जाती है तो फिर पढ़ने-पढ़ाने की जहमत कौन उठाएं। कोरोना के कारण ऑनलाइन कक्षाओं का जो चलन चला था उसके नकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। रही-सही कसर सोशियल मीडिया ने पूरी कर दी है। सोशियल मीडिया पर परोसी जाने वाली सामग्री में कितना सही है और क्या सही है यह तय करना अपने आम में जोखिम भरा काम है। परिवारों के हालात यह होते जा रहे हैं कि किताब तो दूर होती जा रही है और क्या बच्चे और क्या बड़े सब मोबाइल पर लगे रहते हैं और आपसी संवाद करने की भी फुर्सत नहीं होती। देखा जाए तो एकाकीपन बढ़ता जा रहा है। सामाजिकता तो लगभग समाप्त ही होती जा रही है। सोशियल मीडिया में शार्टकट मैसेजों का चलन इस कदर बढ़ गया है कि कई बार तो शार्टकट मैसेज को डिकोड करने में ही पसीने आ जाते हैं। अब 2025 की ही बात ले तो सोशियल मीडिया पर ड्ब्लूटीएफ का चलन जोरों से चल रहा है। ड्ब्लूटीएफ का एक तो सीधा साधा अर्थ है क्या मजाक है। पर दूसरी और नए साल के बुधवार से आरंभ होने को लेकर ड्ब्लूटीएफ का धडल्ले से प्रयोग किया जा रहा है। ड्ब्लूटीएफ के माध्यम से लोगों को डराया भी जा रहा है कि जिस तरह से 2020 में बुधवार से नए साल की शुरुआत हुई थी और उस साल कोरोना के भयावह दौर से गुजरना पड़ा। इस तरह से ड्ब्लूटीएफ के माध्यम से कोरोना काल जैसी त्रासदी की संभावना से लोगों को डराया जा रहा है। दरअसल कम्यूनिकेशन भी एक कला है। एक समय था जब बच्चों की कम्यूनिकेशन स्कील विकसित की जाती थी। अब सोशियल मीडिया के इस जमाने में कम्यूनिकेशन स्कील तो दूर की बात शार्टकट के आधार पर ही काम चलाया जा रहा है। मजे की बात यह है कि सामने वाले से यह अपेक्षा की जाती है कि उसे सब कुछ मालूम है।

> **तकनीक का उपयोग सहजता के लिए किया जाना तो उचित है पर तकनीक के नाम पर केवल शार्ट कट या कॉपी पेस्ट तक सीमित होना अपने आप में गंभीर चिंता का कारण बन जाता है। आवश्यकता बौद्धिक विकास और तर्कशीलता को बढ़ावा देना होना चाहिए और तकनीक उसमें सहायक तक ही सीमित रहे तो नई पीढ़ी अधिक बौद्धिक, तर्कशील और अपने दायित्वों के प्रति अधिक गंभीर होगी और इस दिशा में आगे बढ़ते हुए युवाओं का ब्रेनवाश करना होगा।**

आने वाली पीढ़ी को गंभीर और चिंतनशील बनाना है तो उसे कट पेस्ट के दायरें से निकालना ही होगा। कहा जाता है कि जितना अधिक अध्ययन मनन होता है व्यक्ति उतना ही निखर कर आता है। जब इंटरनेट की दुनिया में जो जानकारियां हैं उन्हीं का उपयोग किया जाता है तो ऐसी हालत में चिंतन, मनन, तक-वितर्क, वैचारिक परिपक्वता, शोध आदि की कल्पना करना अपने आप में गलत होगा। ऐसे में तकनीक का उपयोग सहजता के लिए किया जाना तो उचित है पर तकनीक के नाम पर केवल शार्ट कट या कॉपी पेस्ट तक सीमित होना अपने आप में गंभीर चिंता का कारण बन जाता है। आवश्यकता बौद्धिक विकास और तर्कशीलता को बढ़ावा देना होना चाहिए और तकनीक उसमें सहायक तक ही सीमित रहे तो नई पीढ़ी अधिक बौद्धिक, तर्कशील और अपने दायित्वों के प्रति अधिक गंभीर होगी और इस दिशा में आगे बढ़ते हुए युवाओं का ब्रेनवाश करना होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल शनिवार 4 जनवरी, 2025



पंडित अनिल शर्मा

पौष मास, शुक्ल पक्ष, पंचमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, शतभिषा नक्षत्र रात्रि 9:23 तक, सिद्धि योग दिन 10:08 तक, बव करण दिन 10:51 तक, चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-कर्क, बुध-वृश्चिक, गुरू-वृष, शुक्र-कुम्भ, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

रवियोग रात्रि 9:23 से आरम्भ होगा। बुध धनु राशि में दिन 12:03 पर प्रवेश करेगा। आज पंचक है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 8:38 से 9:56 तक, चर 12:32 से 1:49 तक, लाभ-अमृत 1:49 से 4:25 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:42



**मेष**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।




**सिंह**

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। आज सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।




**धनु**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा संभव है।



**वृष**

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।




**कन्या**

आर्थिक मामलों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। परिवार में शुभ कार्य से संबंधित यात्रा संभव है।



**मकर**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में उचित प्रगति होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।



**मिथुन**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। शुभ कार्यों में भाग ले सकते हैं। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**तुला**

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित उचित सोच-विचार हो सकता है। महत्वपूर्ण परामर्श मिलेगा। व्यावसायिक योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कुंभ**

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।




**कर्क**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों में परेशानी बनी रहेगी।



**वृश्चिक**

घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।



**मीन**

अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

# भारतीय समाज में बड़े होने का अभिशाप



डॉ. पंकज राजवंशी

जब भारतीय परिवार में पहला बेटा जन्म लेता है, तो उसके साथ ही एक अदृश्य बड़े होने का अधिकार उसे दे दिया जाता है। यह अधिकार, जिसे समाज और माता-पिता मिलकर पोषित करते हैं, शुरू में जिम्मेदारी के रूप में आता है। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता है, यह जिम्मेदारी बड़े होने का अभिशाप बन जाती है-एक ऐसा बोझ, जिसे उठाते हुए बड़े बेटे की व्यक्तिगत इच्छाएं और सपने कहीं खो जाते हैं।

बचपन से ही बड़े बेटे को सिखाया जाता है कि वह घर का सबसे समझदार और जिम्मेदार सदस्य है। माता-पिता और समाज उसे परिवार का नेता बनाते हैं। लेकिन यह नेतृत्व अक्सर बोझिल हो जाता है। छोटे भाई-बहनों की देखभाल, उनके भविष्य के लिए अपने सपनों का त्याग और माता-पिता की उम्मीदों पर खरा उतरने की लगातार कोशिश-यह सब मिलकर उसे न केवल थका देता है, बल्कि उसकी जिंदगी के हर पहलू को नियंत्रित करने लगता है।

माता-पिता बड़े बेटे को परिवार का आधार मानते हैं। तुम बड़े हो, तुम्हें समझना चाहिए, यह वाक्य बार-बार दोहराया जाता है। इससे वह बचपन से ही त्याग और जिम्मेदारी को अपना धर्म समझने लगता है। उसकी पढ़ाई, नौकरी, यहां तक कि जीवनसाथी का चयन भी अक्सर परिवार की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया जाता है। यह त्याग और बलिदान उसकी पहचान बन जाता है।

लेकिन समस्या तब शुरू होती है, जब यह बलिदान बाद में अनदेखा कर दिया जाता है। बड़े बेटे को लगता है कि उसने परिवार के लिए जो कुछ भी किया, उसका सम्मान नहीं हुआ। छोटे भाई-बहन, जो बड़े होने पर अपनी स्वतंत्रता चाहते हैं, उसके निर्देशों को नजरअंदाज करना शुरू कर देते हैं। मैंने तुम्हारे लिए इतना कुछ किया, और अब तुम मेरी बात भी नहीं मान सकते, यह वाक्य उन बड़े भाइयों की आम आवाज बन जाता है, जिन्होंने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा परिवार के लिए समर्पित कर दिया।

बड़ा भाई, जिसे बचपन से यह सिखाया गया था कि वह घर का मुखिया है, जब अपने छोटे भाई-बहनों की स्वतंत्रता की मांग को देखता है, तो उसे यह एक विद्रोह जैसा लगता है। वह इसे अपनी भूमिका और बलिदान के अपमान के रूप में लेता है। लेकिन छोटे भाई-बहनों के नजरिए से यह बड़े होने का अधिकार एक अनुचित दबाव और नियंत्रण का प्रतीक है।


माता-पिता भी इस स्थिति को जटिल बना देते हैं। वे बड़े बेटे से यह अपेक्षा करते हैं कि वह हर समस्या का हल निकाले और परिवार को एकजुट रखे। लेकिन वे यह भूल जाते हैं कि इस भूमिका को निभाने में बड़ा बेटा भी भावनात्मक और मानसिक थकान का अनुभव कर सकता है। समाज भी इस बड़े होने के अधिकार को और मजबूत करता है। बड़े बेटे को घर का नेता और रक्षक माना जाता है। लेकिन यह अधिकार धीरे-धीरे परिवार पर नियंत्रण की कोशिश में बदल जाता है। यह मैं बड़ा हूं, इसलिए मेरी बात मानो वाला दृष्टिकोण छोटे भाई-बहनों के साथ टकराव का कारण बनता है।

अमेरिकी संस्कृति में यह स्थिति अलग है। वहां बड़े और छोटे भाई-बहनों के बीच समानता पर जोर दिया जाता है। बड़े भाई-बहन का रोल मॉडल बनना वहां स्वाभाविक है, लेकिन इसे किसी अधिकार या नियंत्रण के रूप में नहीं देखा जाता। वहां हर व्यक्ति अपने जीवन का मालिक होता है।

भारतीय समाज में यह मॉडल अब आधुनिक समय में विफल हो रहा है। छोटे भाई-बहन अपनी स्वतंत्रता और अधिकार चाहते हैं। वे अपने जीवन के फैसलों में बड़े भाई का हस्तक्षेप नहीं चाहते। लेकिन बड़ा भाई, जिसने परिवार के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया, इसे अपना अपमान मानता है। इस बड़े होने के अधिकार को बदलने की जरूरत है। बड़े भाई को एक प्रेरणा स्त्रोत और सहयोगी बनाना चाहिए, न कि एक प्राधिकारी। माता-पिता को अपनी जिम्मेदारियां समान रूप से बांटनी चाहिए, न कि सब कुछ बड़े बेटे पर डाल देना चाहिए। अगर बड़े होने के इस अधिकार को सही दिशा में मोड़ा जाए, तो यह परिवार में सम्मान और सामंजस्य का आधार बन सकता है। लेकिन अगर इसे उसी तरह रखा गया, जैसा यह सदियों से है, तो यह रिश्तों में दरारें पैदा करता रहेगा। बड़े होने का अभिशाप तभी समाप्त होगा, जब इसे अधिकार की जगह सम्मान और सहयोग का प्रतीक बनाया जाएगा।

**डॉ. पंकज राजवंशी, सिएटल ( अमरीका ) में एक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट हैं**

# बेजुबान पक्षियों को भी जीने दो.....



अविनाश जोशी

पक्षियों का कलरव एवम चहक हमे प्रकृति से जोड़ती है एवम पक्षी प्रेम की तरफ मोड़ती है। पौराणिक समय में भी मोर उल्लू आदि पक्षी हमारे आराध्य देव के अत्यंत प्रिय थे एवम अनेकों घटनाओं में उनका वर्णन आता है। हमारी सुबह में वो रंग ही नही रहेंगे अगर पक्षी नही चहचहाए।

कोरोना महामारी के बढ़ते संक्रमण के बीच प्रवासी पक्षियों की हिफाजत सरकार के सामने बहुत बड़ी चुनौती थी। यह कोई आसान काम नहीं था। गौरतलब है कि वन्य प्राणियों पर बढ़ते खतरों का असर जैव विविधता पर साफ नजर आने लगा है। ऐसे में जैव विविधता को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाने वाले पक्षियों पर बढ़ते खतरे पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

पिछले वर्षो के दौरान जब देश में लोग कोरोना की दहशत में थे, तब भी प्रवासी पक्षी देश के कई अभयारण्यों और तालाबों में बेखौफ पहुंच रहे थे। यह पहली दफा था, जब प्रवासी पक्षियों के लिए हवा और हरीतिमा सबसे अनुकूल मिली। मगर इसका नाजायज फायदा शिकारियों ने उठाया। पूर्णबंदी और आंशिक बंदी के बावजूद प्रवासी पक्षियों का शिकार और व्यापार जारी रहा।

सैकड़ों ग्रीष्म कालीन प्रवासी पक्षी लौट कर अपने घर नहीं जा सके। अभयारण्यों में शीत कालीन प्रवासी पक्षियों का आना और जलविहार जारी है, साथ में उनके शिकार और व्यापार की खबरें भी आ रही हैं। गौरतलब है पक्षियों के शिकार की वजह से पिछले तीस सालों में पक्षियों की दुर्लभ इक्कीस प्रजातियां लुप्त हो गई हैं, जबकि सौ साल में इसके पहले औसतन एक प्रजाति लुप्त होती थी। कुछ खास तरह के भारतीय पक्षियों का शिकार पिछले तीस सालों में काफी तेज हुआ है। इसी तरह प्रवासी पक्षियों में कॉमन कूट, ब्लैक बिंग्ड स्टिल्ट, नदन फावडे, रूडी शेल्डक, लेसर व्हिस्लिं गडक, वाइड एवोसेट और कैस्पियन मूल, जो भारत में हर साल प्रवास के लिए आते हैं, के शिकार की खबरें भी आती रही हैं।

पिछले वर्ष जलवायु सम्मेलन में एक सौ तीस देशों ने जलवायु परिवर्तन के चलते प्रवासी पक्षियों की घटती संख्या और लुप्त हो रही प्रजातियों को लेकर चिंता व्यक्त की गई। गौरतलब है इंटर नेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन आफ नेचर (आईयूसीएन) के अनुसार शिकार और पारिस्थितिकी प्रणाली के कारण देश में निवास करने वाली एक सौ अस्सी पक्षी प्रजातियां लुप्त होने के कगार पर या खतरे में हैं। प्रवासी और देशी पक्षियों के संरक्षण के लिए और उन्हें स्वतंत्रता देने के लिए कानून बनाए गए हैं, लेकिन उन कानूनों का कड़ाई से पालन नहीं हो पा रहा है। जैव विविधता को संरक्षित करने और पक्षियों को इंसान की तरह जीने का अधिकार देने सालिम अली की तरह पक्षियों के लिए जीवन समर्पित करने वाले लोग बहुत कम हैं।

प्रवासी पक्षी अपनी लंबी यात्रा से विभिन्न संस्कृतियों और परिवेशों को जोड़ने का कार्य करते हैं। ये पक्षी रेगिस्तान, समुद्र और पहाड़ों को पार करके एक देश से दूसरे देश का सफर करते हैं। पक्षियों की ज्ञात प्रजातियों में उन्नीस फीसद नियमित रूप से प्रवास करते हैं। गौरतलब है कि प्रवासी पक्षी जैव विविधिता का हिस्सा हैं। अगर इनका संरक्षण पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं किया गया तो, कुछ ही सालों में बचे प्रवासी और देशी पक्षी हमेशा के लिए लुप्त हो जाएंगे।

विश्व प्रसिद्ध सांभर झील हो या गिरिडीह (झारखंड) और भरतपुर (राजस्थान) के प्रसिद्ध केवलादेव अभयारण्य में पहले से बहुत कम प्रवासी पक्षी अब आते हैं। वहीं पर डूंगरपुर, बांसवाड़ा और उदयपुर में पहले से ज्यादा प्रवासी पक्षी आते हैं। इसी तरह राजस्थान के छोटे से गांव मेनार में ग्रामीण पर्यावरण संरक्षण की एक नई इबारत लिखने लगे हैं। भारत में पक्षियों की बारह सौ से ज्यादा प्रजातियों तथा उपप्रजातियों के लगभग इक्कीस सौ प्रकार के पक्षी पाए जाते हैं। इनमें से लगभग साढ़े तीन सौ प्रजातियां प्रवासी हैं, जो देश के अलग-अलग क्षेत्रों में शीत और ग्रीष्म ऋतु में आते हैं।

कुछ प्रजातियां जैसे पाइड क्रेस्टेड कक्कु (चातक) भारत में बरसात के समय प्रवास पर आते हैं। स्थानीय स्तर के प्रवासी पक्षी भी बड़ी संख्या में देश के एक कोने से दूसरे कोने का सफर करते हैं। बिहार में पैंतीस से चालीस प्रतिशत प्रजातियां प्रवासी पक्षियों की हैं। इनकी सुरक्षा और संरक्षण करना एक बड़ी चुनौती है। जानकारी के मुताबिक यों तो देश में जहां भी प्रवासी पक्षी प्रवास करते हैं, वहां उनका शिकार आम बात है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में इनका शिकार तेजी से हो रहा है। जिन अभयारण्यों में प्रवासियों का शिकार सबसे ज्यादा हो रहा है, उनमें भरतपुर के केवलानंद, बिहार के फतुहा, बेगूसराय, कुशेश्वरस्थान, पटना सिटी जैसे इलाके शामिल हैं।

प्रवासी पक्षियों का संरक्षण कई स्तरों पर चुनौती बना हुआ है। भारत एक गर्म जलवायु का क्षेत्र है। इसलिए यहां उन क्षेत्रों के पक्षी प्रवास में लाखों की संख्या में आते हैं, जहां की जलवायु अत्यंत ठंडी है। लेकिन जलवायु परिवर्तन हमारे यहां भी बड़ी समस्या बनती जा रही है। इसका असर उन प्रवासी पक्षियों पर देखा जा रहा है, जो अनुकूलता के लिए यहां चार से छह महीने रहते हैं। ठंडे देशों के ये पक्षी कई ऐसी प्रजातियों के हैं, जिनका शरीर काफी वजनी है। यही कारण है कि इनका शिकार होता है।

भारत में एक समय चिड़ियों की बारह सौ प्रजातियां पाई जाती थीं। अब इसमें से पचास से अधिक प्रजातियां लुप्त हो गई हैं। गिद्धों की कुछ प्रजातियां, कठफोड़वा, ग्रेट इंडियन बस्टैर्ड जैसे पक्षियों की प्रजातियां लुप्त हो गई या लुप्त होने के कगार पर हैं। विकास संबंधी अस्थायी नीतियों और प्रकृति के प्रति बढ़ती असंवेदशीलता के कारण भी भारत के कई पक्षी वास खतरे में हैं। इससे पक्षियों के लुप्त होने का खतरा और बढ़ गया है। इस बात की पुष्टि 'बाम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी' के ताजा अध्ययन से होती है, जिसमें भारत के कम से कम दस जैव विविधता वाले इलाकों पर हमेशा के लिए लुप्त हो जाने का खतरा पैदा हो गया है।

भारत में जिन पक्षी वास स्थानों का खतरा बढ़ गया है, उसमें गुजरात में कच्छ के 'फ्लेमिंगो सिटी' महाराष्ट्र का सोलापुर, मुंबई का सीवडी-माहुल क्रीक, अहमदनगर का ग्रेट इंडियन बस्टैर्ड अभयारण्य शामिल हैं। इसके अलावा हरियाणा स्थित बसई, मध्यप्रदेश स्थित सैलाना खरगोर अभयारण्य, अंडमान निकोबार का मिल्लांगचोंग, कर्नाटक का रानेबेन्नूर अभयारण्य, मध्यप्रदेश का करेरा वन्यजीव अभयारण्य भी हरियाली की कमी के कारण पक्षियों के लिए प्रतिकूल साबित हो रहे हैं।

कांजीरंगा असम का प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान है। यह यूनस्को घोषित विश्व धरोहरों में शामिल है। इसमें पक्षियों की चार सौ पचास प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें बंगाल फ्लोरिकन, हार्नबिल और उल्लू की कुछ प्रजातियां लुप्त होने के कगार पर हैं। बदलते मौसम, अति वर्षा, बढ़ते प्रदूषण, शिकार के कारण पक्षियों के लिए अब यह उद्यान सुरक्षित नहीं रह गया है। इसी तरह राजस्थान के भरतपुर का केवलादेव उद्यान 1985 से विश्व धरोहरों में शामिल है। यहां पक्षियों की तीन सौ पैंसठ प्रजातियां तीन शताब्दी पहले पाई जाती थीं। जो चीन, अफगानिस्तान, साइबेरिया से बड़ी तादाद में यहां आए थे। आजादी के पहले यहां पक्षियों के शिकार के लिए शाही परिवार के अलावा अन्य मांसभक्षी पक्षियों का शिकार करते थे, जिससे अनेक तरह के पक्षी हमेशा के लिए विलुप्त हो गए। कुछ लुप्त होने के कगार पर हैं, जिसमें तीतर, बटेर, मुर्गाबियां शामिल हैं। पक्षियों के संरक्षण और सुरक्षा का लेकर 1873 में वन्यजीव संरक्षण कानून बनाए गए थे, लेकिन उन कानूनों से भी वन्य जीवों के शिकार पर अंकुश नहीं लगता था। स्वतंत्र भारत में सर्वप्रथम 1952 में वन्यजीव बोर्ड की स्थापना की गई, जिसका पुनर्गठन 1991 में हुआ। इस बोर्ड की स्थापना पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के अंतर्गत की गई है। जीव-जंतुओं के कल्याण की योजनाओं और उनके क्रियान्वयन के अलावा वन्य जीवों पर अत्याचार को रोकना भी इसका काम है।

**–अविनाश जोशी,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वंतत्र पत्रकार**

# लेपर्ड घायल हालत में मिला, वन विभाग की टीम ने ट्रैंकुलाइज किया

- **घायल लेपर्ड को ट्रैंकुलाइज कर खेरवाड़ा ले गई वन विभाग की टीम**
- **तीन लेपर्ड आने की विभाग को मिली थी सूचना, दो लेपर्ड भाग गए**

**उदयपुर,** (का.सं.)। उदयपुर के नयागांव के कनबई स्थित लक्ष्मणपुरा उखेड़ी गांव में एक लेपर्ड घायल हालत में मिला। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचे लेपर्ड को ट्रैंकुलाइज किया। पिंजरे में रखकर उसे खेरवाड़ा लाया गया। लेपर्ड का इलाज जारी है।

प्राप्त जानकारी के नुसार खेरवाड़ा उपखण्ड के कनबई क्षेत्र के लक्ष्मणपुरा उखेड़ी में तीन पैंथर आने की सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची। टीम ने एक पैंथर को ट्रॅक्यूलाइज किया और पिंजरे में खेरवाड़ा ले गए। उखेड़ी वन क्षेत्र में तीन पैंथर आने की सूचना पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि पैंथर ने बुधवार को एक गाय का और गुरुवार को दो बकरियों और कुत्ते का शिकार किया था। ग्रामीणों ने घेरा डाला तो दो पैंथर भाग गए। सूचना पर वन विभाग एवं पाटिया पुलिस, पहाड़ा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। एक पैंथर घायल अवस्था में मिला। उसे खेरवाड़ा ले गए।इस दौरान क्षेत्रीय वन अधिकारी मोनिका मीणा, सतीश चतुर्वेदी, अशोक जोशी, डीपी शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, वनपाल बहादुर मीणा, सोहन प्रजापत, जितेन्द्र देवड़ा, पहाड़ा थाना अधिकारी गणपतसिंह, कनबई चौकी इंचार्ज श्रवण बिश्नोई, कांस्टेबल सोहनलाल भी मौजूद रहे।

डीएफओ मुकेश सैनी ने बताया कि लेपर्ड भूख-प्यास से थक चुका था। इसका पता डॉक्टर की जांच के बाद लग पाएगा। फिलहाल लेपर्ड का इलाज जारी है। डीएफओ ने बताया कि लक्ष्मणपुरा उखेड़ी गांव के जंगल में कुछ कालबेलिये कबीले बनाकर रह रहे हैं। करीब पांच दिन पहले एक लेपर्ड इसी क्षेत्र में मृत अवस्था में मिला था। लेपर्ड के शिकार की आशंका को देखते हुए उन्हें वहां से खदेड़कर हटाया जा रहा हैं। हालांकि बिना जांच लेपर्ड की मौत का कारण शिकार होना नहीं कह सकते। हालांकि ऐसी किसी घटना से पहले ही विभाग पूरी तरह सतर्कता बरत रहा है।

लेपर्ड ने गुरुवार देर रात उखेड़ी गांव के जीवाजी पिता खुमाजी के बाड़े में घुसकर बकरियों पर हमला किया। एक बकरी मृत अवस्था में मिली। वहीं एक कुत्ते का भी शिकार कर लिया। पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने पिंजरा लगाकर लेपर्ड को पकड़ने की मांग की है।

# बीकानेर में सर्द रातों में जिप्सम माफिया सक्रिय

**बीकानेर,** (निसं)। सर्द रातों में जिप्सम माफिया सक्रिय हैं और बेखौफ होकर अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। दंतौर में सरकारी स्कूल के आगे जेसीबी चलाने के बाद अब रणजीतपुरा के चक 12एमजीएम में आगोर की जमीन और रास्ते को ही खोदा डाला। पटवारी ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। दूसरी ओर खान महकमे के लोग और पुलिस मामले में दबाने में जुटी रही।

बीकानेर में इन दिनों तेज सर्दी और कोहरे का कहर है। ग्रामीण इलाकों में तो रात के समय पारा माइनस डिग्री पहुंच रहा है। लोग पूरी तरह घरों में दुबके रहते हैं। ऐसे में जिप्सम माफिया के लोग सक्रिय हैं और चांदी कूट रहे हैं। खाजूवाला, दंतौर और बज्जू में जिप्सम वाले इलाके उनके टारगेट पर हैं। पिछले दिनों दंतौर के महात्मा गांधी सरकारी स्कूल के आगे पार्किंग क्षेत्र में रात को जिप्सम का जमकर अवैध खनन किया गया। जेसीबी चलाई गई और जिप्सम निकालने के बाद मिट्टी डालकर गड्ढों को भर दिया गया।

सरपंच प्रतिनिधि रजाक खां की ओर से दंतोर पुलिस थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। अब माफियाओं ने रणजीतपुरा के 12एमजीएम में आगोर और रास्ते की जमीन को खोद डाला। मगनवाला हलका पटवारी जगदीश सुथार ने 31 दिसंबर और एक जनवरी को मौका निरीक्षण किया तो जिप्सम का अवैध खनन और गाड़ी-मशीनों के निशान मिले। मुरबा नंबर 61/57 में 16525 वर्ग फिट में 4 फिट की गहराई तक जिप्सम का अवैध खनन किया गया।

मुरबा नंबर 81/1,2,3,4 में गैर मुमकिन रास्ते से भी जिप्सम खोद डाला। मुरबा नंबर 61/57 आगोर की भूमि दर्ज है जिसमें पुराना कब्रिस्तान भी है। पटवारी की ओर से रणजीतपुरा पुलिस थाने में जिप्सम के अवैध खनन का मुकदमा दर्ज कराया गया है। अवैध खनन क्षेत्र के पास आरएसएमएम की जिप्सम की लीज है। पटवारी की ओर से पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि आरएसएमएम व उसके अधीन संस्था एम/एस तेतरवाल श्रमिक ठेका सहकारी समिति लि. व कांट्रेक्टर वंडर सीमेंट ने लीज क्षेत्र से हटकर बिना किसी सक्षम अनुमति के जिप्सम का अवैध खनन किया है। जिप्सम माफिया जमकर अवैध खनन करने में जुटा है और खान महकमे के अधिकारी और पुलिस बेखबर हैं। दंतौर में जिप्सम का अवैध खनन हुआ तो ग्रामीणों में विरोध जताया और मुकदमा दर्ज कराया गया। रणजीतपुरा में जमकर जिप्सम खोदा गया, लेकिन खान महकमा और पुलिस बेखबर रहे। पटवारी की ओर से मुकदमा दर्ज कराए जाने के बावजूद रणजीतपुरा थाने की पुलिस मामले को दबाने में जुटी रही।

# सात साल बाद भी प्रबोधकों को नहीं मिला प्रमोशन

**बीकानेर,** (निसं)। शिक्षा विभाग में कार्यरत प्रबोधकों को सात साल बाद भी प्रमोशन का लाभ नहीं मिला है। प्रबोधक पदोन्नति में पिछड़ रहे हैं। प्रबोधक संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार व शिक्षा विभाग की उदासीनता के चलते प्रबोधक की पदोन्नति पिछले सात वर्ष से नहीं हो पाई है। राज्य में कांग्रेस व भाजपा सरकार दोनों ने ही प्रबोधक की पीड़ा नहीं समझी और पदोन्नति के बजाय पदावनत कर दिया। राज्यभर में 25 हजार प्रबोधक इससे प्रभावित हुए हैं।

वर्तमान में लगभग 10 हजार 392 प्रबोधक को अपनी पदोन्नति का इंतजार है। राज्य में पूर्व गहलोत सरकार ने पांच हजार प्रबोधक की पदोन्नति की घोषणा की थी, लेकिन उसको अमली जामा नहीं पहना सकी। इसके बाद वर्तमान भाजपा सरकार में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शेष 5 हजार को पदोन्नति करने की थी घोषणा की थी। लेकिन इस पर भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। दरअसल, प्रबोधकों की पदोन्नति पंचायतीराज प्रबोधक सेवा अधिनियम 2008 के अनुसार 2017 में होनी थी लेकिन 7 पदोन्नति अभी तक नहीं हुई है। प्रबोधक को वरिष्ठ प्रबोधक बनाकर शिक्षा विभाग में कार्यरत वरिष्ठ अध्यापक के समकक्ष पद और कार्य दायित्व मिलना था, लेकिन वरिष्ठ प्रबोधक को भी अधिशेष के समायोजन के नाम पर लेवल वन पर लगा दिया है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 17 संख्याः 62 प्रभात हिण्डौन सिटी, शनिवार 4 जनवरी, 2025 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

# जानबूझकर बाँग्लादेश भारत से दो-दो हाथ करने के लिए मचल रहा है

## देर हो उससे पहले भारत को यह बात समझ लेनी चाहिए, क्योंकि बाँग्लादेश जिस राह पर चल रहा है, वो भारत के लिए शत्रुतापूर्ण है

**-अंजन रॉय -**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 जनवरी। भारत जितनी जल्दी यह स्वीकार कर लेगा कि बाँग्लादेश गंभीर खतरा है उतना ही अच्छा होगा। बाँग्लादेश भारत और भारत के पूर्वी राज्यों के लिए दुश्मन जैसी भाषा बोल रहा है और जिस दिशा में बढ़ रहा है वह कदापि भारत के हित में नहीं है।

बाँग्लादेश ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री के आमंत्रित किया है जबकि सीमा पर आतंकी गतिविधियाँ बढ़ रही हैं। बाँग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस काइरो में पाक विदेश मंत्री से मिले थे और उन्हें बाँग्लादेश आने का न्यौता दिया।

पाक विदेश मंत्री इशहाक दार अगले माह के आरंभ तक ढाका आ सकते हैं। पाकिस्तान-बाँग्लादेश में जिहादी मूवमैंट को प्रोत्साहन दे रहा है और इससे भारत की आंतरिक सुरक्षा को खतरा हो सकता है।

- **बाँग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस पाकिस्तान के साथ मेल-जोल बढ़ा रहे हैं और उन्हें ढाका आने के लिए निमंत्रित किया है।**
- **पाक विदेश मंत्री इशहाक दार अगले माह के आरंभ तक ढाका जाएंगे। पाकिस्तान, बाँग्लादेश में भारत विरोधी आतंकी गतिविधियों को प्रोत्साहन दे रहा है।**
- **बाँग्लादेश में हिंदू विरोधी हिंसा चरम पर है। हिंदुओं के मकान छीने जा रहे हैं। हिंसा के इस दौर में भारी संख्या में हिंदू लापता हैं।**
- **भारी तादाद में हिंदू ढाका स्थित भारतीय इंडियन काउन्सिल ऑफिस में लाइन लगाए हुए हैं। पर, एक परिवार से एक ही व्यक्ति को अनुमति दी जा रही है, वो भी मैडिकल इमरजैन्सी होने पर।**

पाकिस्तान भारत में आतंकी संगठनों का विस्तार करना चाहता है और आतंकी हमले करवाना चाहता है। बाँग्लादेश में एक मजबूत बेस और अंतरिम सरकार की मदद से ये संगठन भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे सकते हैं।

इस समय बाँग्लादेश की स्थिति काफी संवेदनशील है। मौजूदा प्रशासन कानून और व्यवस्था को सुधारने पर ध्यान नहीं रहा है। भारी अराजकता है, हिंदुओं के साथ भारी हिंसा हो रही है।

इस्कॉन मंदिन के पुजारी कृष्णा दास अभी भी जेल में हैं, जबकि हाल ही में उनके केस की सुनवाई हुई थी। उन्हें जमानत नहीं दी गई है। यहाँ तक कि कृष्णा दास के वकीलों को भी जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

अल्पसंख्यकों के दमन के साथ भारी हिंसा का दौर चल रहा है। हिंदुओं की सम्पत्ति पर स्थानीय मुसलमान कब्जा कर रहे हैं।

निरंतर दमन और हिंसा के दौर में स्थानीय हिंदू भारत आने की कोशिश में लगे हैं। हालाँकि, बाँग्लादेश में बने भारतीय दूतावास कार्यालय ने इन्हें भारत में घुसने से रोक दिया है। वर्तमान में एक परिवार से एक ही व्यक्ति भारत आ सकता है, वो भी मैडिकल इमरजैंसी होने पर।

विशेषज्ञों का मत है कि बाँग्लादेश अपनी हरकतों से भारत के साथ युद्ध करने की इच्छा दिखा रहा है।

## हाई कोर्ट ने समरावता प्रकरण में 39 आरोपियों को जमानत दी

जयपुर, 3 जनवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने देवली-उनियारा विधानसभा सीट के उप चुनाव के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा और एसडीएम के बीच हुए विवाद के बाद समरावता में हुई हिंसा के मामले में 39 आरोपियों को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस प्रवीर भटनागर की एकलपीठ ने यह आदेश बलराम व अन्य की ओर से दायर जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

जमानत याचिकाओं में अधिवक्ता

- **याचिका में कहा गया कि स्थानीय निवासियों को राजनीतिक द्वेष के कारण फंसाया गया है।**

डॉ. महेश शर्मा, महेन्द्र शांडिल्य और कपिल गुप्ता सहित अन्य ने बताया कि याचिका दायर करने वाले स्थानीय निवासियों को राजनीतिक द्वेषता के कारण मामले में फंसाया गया है। प्रकरण में एक व्यक्ति के हाथ में फ्रैक्चर आया है, जबकि याचिकाकर्ताओं पर हत्या के प्रयास की धारा लगाई गई है। ऐसे में प्रकरण सिर्फ मारपीट का ही बनता है, जबकि एफआईआर में याचिकाकर्ताओं पर स्पष्टतः कोई आरोप नहीं लगाए गए हैं। याचिकाकर्ता गत नवंबर माह से जेल में बंद हैं और जांच पूरी होकर ट्रायल समाप्त होने में लंबा समय लगेगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्र.मंत्री मोदी ने केजरीवाल को दिल्ली के लिए आपदा बताया

## केजरीवाल ने प्रतिउत्तर में कहा, आपदा भाजपा के सामने है, जिसके पास मुख्यमंत्री के रूप में कोई चेहरा नहीं है

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 जनवरी। दिल्ली की 70- सदस्यीय विधानसभा के चुनाव के लिये भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच जबरदस्त कड़वाहट भरी जुबानी जंग छिड़ गई है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सत्तारुढ़ दल (आप) के 10 वर्ष के शासनकाल को "आपदा" बताते हुये, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आप पर पहला प्रहार किया। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने पलटवार करते हुये कहा कि भगवा पार्टी "गरीबों की दुश्मन" है।

केजरीवाल ने कहा कि अपने 43 मिनट के भाषण में, प्रधानमंत्री ने 39 मिनट "दिल्लीवासियों तथा उनके जबरदस्त जनादेश से निर्वाचित दिल्ली सरकार" को भला -बुरा कहा।

अरविन्द केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने पिछले 10 वर्षों में अनेक काम किये हैं, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने "ऐसा कुछ नहीं किया, जिसका उल्लेख प्रधानमंत्री मोदी अपने भाषण में कर सकें।" शुक्रवार को अशोक विहार रामलीला मैदान में, प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में आप पर कटाक्ष किया और कहा कि राष्ट्रीय राजधानी पिछले 10 वर्षों में "आपदा" से घिरी रही है।

- **प्रधानमंत्री मोदी ने अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष किया, हमने गरीबों के लिए चार करोड़ से ज्यादा घर बनाए, पर अपने लिए एक भी मकान नहीं बनाया। मैं भी कोई शीश महल बना सकता था।**
- **आप प्रमख ने प्रधानमंत्री के भाषण पर पलटवार करते हुए भाजपा की केन्द्र सरकार को गरीबों का दुश्मन बताया और कहा, केन्द्र सरकार ने दिल्ली में झुग्गियाँ तोड़ डालीं और 2 लाख से ज्यादा लोगों को बेघर कर दिया।**

केजरीवाल पर अप्रत्यक्ष कटाक्ष करते हुये, प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने किस तरह से गरीबों के लिये 4 करोड़ से ज्यादा मकान बनवाये लेकिन अपने लिये एक मकान भी कभी नहीं बनवाया। "मैं भी कोई शीशमहल बना सकता था।"

मोदी ने आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार पर विभिन्न क्षेत्रों में- शिक्षा से लेकर प्रदूषण नियंत्रण तथा शराब -व्यापार तक -व्यापक भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।

मोदी ने कहा, "एक तरफ, केन्द्र दिल्ली की तरक्की के लिये सार्थक कोशिशें कर रहा है, और दूसरी तरफ, दिल्ली सरकार झूठ और भ्रष्टाचार के दलदल में फँसी हुई है।"

उन्होंने शराब की बिक्री, स्कूली शिक्षा, चिकित्सा व्यवस्था तथा सरकारी भर्ती से सम्बंधित घोटालों में आप सरकार की कथित लिप्तता का उल्लेख किया।

जन समुदाय को सम्बोधित करते

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'जूनियर इंस्ट्रक्टर भर्ती में सी.आई.टी.एस. सर्टिफिकेट की अनिवार्यता जरूरी नहीं'

## राजस्थान हाई कोर्ट ने कहा कि सभी योग्य अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने दिया जाये

जयपुर, 3 जनवरी (का.स.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने जूनियर इंस्ट्रक्टर के पदों की भर्ती में अभ्यर्थियों के पास क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर ट्रेनिंग स्कीम (सी.आई.टी.एस.) का सर्टिफिकेट अनिवार्य होने की शर्त पर अंतरिम रोक लगायी है। अदालत ने कहा है कि सभी अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने दिया जाये, भले ही किसी के पास यह सर्टिफिकेट हो या ना हो। मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव और न्यायाधीश उमा शंकर व्यास की खंडपीठ ने किशोर कुमावत की ओर से दायर रिट याचिका पर यह सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए। इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रघुनन्दन शर्मा पैरवी के लिए पेश हुए।

मामले के तथ्यों के अनुसार, गत सिंतबर 2024 में केन्द्र सरकार ने जूनियर इंस्ट्रक्टर की भर्ती के नियम-प्रक्रिया में संशोधन करते हुए सी.आई.टी.एस. सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से लागू किया था। परंतु कुछ राज्यों ने केन्द्र सरकार को पत्र लिखकर कहा था कि उनके यहां क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर ट्रेनिंग स्कीम का कोर्स करवाने की कोई व्यवस्था और इंस्टीट्यूट्स मौजूद ही नहीं हैं। ऐसे में केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों की मांग को देखते हुए रियायत दी थी। केन्द्र सरकार ने सी.आई.टी.एस. सर्टिफिकेट अनिवार्यता को खत्म करते हुए कहा कि, इस भर्ती प्रक्रिया में काबिल अभ्यर्थी शामिल हों, परंतु नियुक्ति के बाद आगामी 3 वर्षों में उन्हें किसी भी राज्य से यह कोर्स करके सर्टिफिकेट पेश करना होगा।

- **अधिवक्ता रघुनन्दन शर्मा ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा हजारों पदों पर की जाने वाली इस भर्ती में क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर ट्रेनिंग स्कीम का सर्टिफिकेट अनिवार्य किया गया था, परंतु बाद में इसमें रियायत देते हुए नियुक्ति के 3 वर्ष के भीतर यह सर्टिफिकेट पेश करने के आदेश दिए थे।**
- **अधिवक्ता ने बताया कि राजस्थान व कई अन्य राज्यों में क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर ट्रेनिंग के इंस्टीट्यूट नहीं हैं, ऐसे में सर्टिफिकेट कहाँ से आएगा।**

गौरतलब है कि राजस्थान में भी सी.आई.टी.एस. कोर्स के कोई इंतजाम नहीं हैं, परंतु राज्य सरकार ने भर्ती के लिए विज्ञापन जारी करते समय केन्द्र सरकार द्वारा 3 वर्ष में सर्टिफिकेट पेश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कोचिंग सैन्टरों का पंजीकरण केन्द्रीय गाइडलाइन से हो

जयपुर, 3 जनवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने कोचिंग विद्यार्थियों द्वारा आए दिन आत्महत्या करने से जुड़े मामले में कहा है कि कोचिंग सेंटर्स के लिए केन्द्र सरकार की ओर से बनाई गई गाइडलाइन के तहत उनका पंजीकरण किया जाए तथा गाइड लाइन में बताए पैरामीटर की पालना भी सुनिश्चित की जाए। राजस्थान के चीफ जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव और जस्टिस उमाशंकर व्यास की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए।

- **हाई कोर्ट ने कोचिंग विद्यार्थियों की आत्महत्याओं पर राज्य सरकार को निर्देश दिये।**

सुनवाई के दौरान, अदालत ने सरकार से पूछा कि केन्द्र सरकार की ओर से बनाए गए रेगुलेशन लागू हो सकते हैं या नहीं, क्योंकि इनमें सजा और जुर्माने का प्रावधान है और यह कानून बनने पर ही लागू किया जा सकता है। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि कोचिंग सेंटरों के लिए बिल बन चुका है और जल्दी कानून भी बना लिया जाएगा। राज्य सरकार की ओर से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 2002 के मर्डर केस में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस दिया

## उक्त मामले में पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने 28 मई 2024 को डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम व 4 अन्य को बरी कर दिया था

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गूरमीत राम रहीम सिंह व चार अन्य को नोटिस दिया है। यह नोटिस सी.बी.आई. द्वारा पंजाब -हरियाणा हाईकोर्ट में 28 मई 2024 के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर दिया गया है। हाईकोर्ट ने उक्त आदेश में डेरा के पूर्व प्रबंधन रंजीत सिंह की हत्या के आरोप से गुरमीत राम रहीम व चार अन्य को बरी कर दिया था।

गुरमीत राम रहीम व चार अन्य से जवाब मांगते हुए चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की खंड पीठ ने सी.बी.आई. की याचिका को पहले से ही शिकायतकर्ता मृतक रंजीत सिंह के पिता द्वारा दायर याचिका के साथ संलग्न करने के निर्देश दिये। मृतक रंजीत सिंह के पिता ने 5 आरोपियों को रिहा करने के हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी।

बैंच ने मामला जस्टिस बेला त्रिवेदी की बैंच को सौंप दिया जो मृतक के पिता की याचिका पर सुनवाई कर रही है और इस मामले में नोटिस भी जारी कर चुकी है।

- **हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सी.बी.आई. ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट ने उसी याचिका पर नोटिस जारी किया।**
- **इस मामले में मृतक रंजीत सिंह के पिता भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर चुके हैं, जो जस्टिस बेला त्रिवेदी की बैंच के पास लंबित है। सुप्रीम कोर्ट ने सी.बी.आई. की याचिका भी वहीं भेज दी है।**
- **ज्ञातव्य है कि 2002 में डेरा के पूर्व मैनेजर रंजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। सी.बी.आई. जाँच में डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम व 5 अन्य को आरोपी पाया गया। एक आरोपी की ट्रायल के दौरान मौत हो गई थी तथा शेष सभी आरोपियों को ट्रायल कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।**

मामला जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की बैंच के समक्ष पोस्ट करते हुए सी.बी.आई. वकील के रुप में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया था कि पूर्व में 9 सितम्बर 2024 को जस्टिस बेला त्रिवेदी और एस.सी. शर्मा की बैंच ने मृतक रंजीत के पिता की सभी जांच आरोपियों की हाईकोर्ट से रिहाई के खिलाफ दायर याचिका पर नोटिस जारी किया था।

बैंच ने अपने आदेश में कहा कि, हमारा ध्यान 9 सितम्बर 2024 को जस्टिस बेला त्रिवेदी की बैंच द्वारा पारित आदेश पर दिलाया गया, इसलिए नोटिस जारी करने के बाद इस याचिका को जस्टिस त्रिवेदी के समक्ष लंबित याचिका के साथ जोड़ दिया जाए।

हाईकोर्ट ने 18 अक्टूबर 2021 के ट्रायल कोर्ट के ऑर्डर जिसमें 5 आरोपियों को दोषी मानकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी, को पलट दिया था और रिहा कर दिया था।

गुरमीत राम रहीम के साथ के अन्य चार आरोपी अवतार सिंह, कृष्ण लाल, जसबीर सिंह, सबदिल सिंह को भी आजीवन कारावास की सजा दी गई थी एक आरोपी इंदर सेन की ट्रायल के दौरान 2020 में मौत हो गई थी।

डेरा मैनेजर रणजीत सिंह 10 जनवरी, 2002 को जब हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के अपने पैतृक गाँव में अपने खेतों में काम कर रहा था, तब गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई थी।

10 नवम्बर 2003 को, उच्च न्यायालय ने इस केस की सी.बी.आई.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मनमोहन सिंह की स्मृति में अखंड पाठ का आयोजन

नयी दिल्ली, 03 जनवरी। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की स्मृति में उनके आवास पर अखंड पाठ रखा गया, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी सहित, कई प्रमुख लोगों ने हिस्सा लिया और डॉ सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉ सिंह के आवास पर आयोजित

- **खड़गे और सोनिया गांधी भी अखंड पाठ में शामिल हुए।**

इस कार्यक्रम में खरगे और गांधी के अलावा पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए।

कांग्रेस पार्टी ने डॉ सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनकी यादें हमेशा सबके दिल में रहेंगी और उनकी सादगी, सरलता और आदर्श सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चीन में एक और वायरस संक्रमण का खतरा बढ़ा, सबसे ज्यादा खतरा बच्चों में

## चीन के उत्तरी प्रांत में 14 साल से कम उम्र के बच्चों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 3 जनवरी। क्या शुरुआत हुई है नए वर्ष की। चीन के उत्तरी प्रांतों में ह्यूमन मैटान्यूमो वायरस (एच.एम.पी.वी.) रैस्पिरेटरी (सांस संबंधी) इन्फैक्शन में तेजी, खासतौर पर 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में, को लेकर विश्वभर में चिंता की लहर दौड़ गई है।

एपिडीमिऑलजिस्ट (महामारी विद्) के अनुसार, एच.एम.पी.वी. एक ज्ञात रैसपिरेटरी वायरस है, जिसके लक्षण सामान्य जुकाम की तरह होते हैं और यह चीन तथा विश्व के लिए नया नहीं है। निवारक उपायों में, नियमित रूप से हाथ धोना, संक्रमित लोगों से दूरी बनाकर रखना तथा श्वास स्वच्छता बनाए रखना मुख्य हैं।

हालांकि, चीन में कितने केस सामने आए हैं इसकी संख्या का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन, एच.एम.पी.वी. केसों में बढ़ोतरी ने स्वास्थ्य सेवा की क्षमता को लेकर चिताएं पैदा कर दी हैं तथा प्रभावित क्षेत्रों में अस्पतालों में भीड़ बढ़ने की खबरें सामने आ रही हैं।

- **ह्यूमन मैटान्यूमोवायरस (एच.एम.पी.वी.) सांस संबंधी परेशानियाँ पैदा करता है। जैसे इसके लक्षणों में हल्की खांसी, जुकाम, बुखार से लेकर तेज खांसी व निमोनिया तक शामिल हैं।**
- **नियमित रूप से हाथ धोकर और संक्रमित लोगों से दूरी बनाकर और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देकर इस रोग से बचा जा सकता है।**
- **एच.एम.पी.वी. नया वायरस संक्रमण नहीं है। भारत सहित पूरी दुनिया में अन्य वायरस संक्रमण के साथ एच.एम.पी.वी. संक्रमण फैलता है।**
- **कोविड-19 महामारी से पहले और महामारी के दौरान भारत में हुए एक अध्ययन में अन्य वायरस के साथ-साथ एच.एम.पी.वी. संक्रमण के केस भी मिले थे।**

भारत में एच.एम.पी.वी. अन्य वायरस के साथ फैलता है। भारत में कोविड 19 महामारी से पहले तथा महामारी के दौरान रैसपिरेटरी वायरस के प्रसार का अध्ययन करने वाले एक अध्ययन में, अन्य वायरस के साथ-साथ एच.एम.पी.वी. की उपस्थिति का उल्लेख किया गया। हालांकि, भारत में एच.एम.पी.वी. केसों का हाल का डेटा सीमित है।

लेकिन इसके बारे में चिन्ता करना जरूरी है। यह वायरस बच्चों, इम्यूनोकम्प्रोमाइज्ड तथा अधेड़ लोगों के श्वसन तंत्र में तीव्र संक्रमण का एक बड़ा कारण है। संक्रमित लोगों तथा वस्तुओं के सीधे संपर्क में आने से यह वायरस हस्तान्तरित होता है। बुखार, गले में खराश, खाँसी, सांस लेने में कठिनाई तथा घबराहट, हाइपोक्सिया, ब्रॉन्काइटिस तथा निमोनिया एच.एम.पी.वी. संक्रमण के मुख्य लक्षण हैं।

अध्ययनों से पता चला है कि पूरी दुनिया में पाँच साल तक की उम्र के अधिकांश बच्चे एच.एम.पी.वी. से संक्रमित हैं। शिशुओं सहित, पाँच साल के कम उम्र के बच्चे, पुरानी बीमारियों, खासतौर से अस्थमा, साइस्टिक फाइब्रोसिस या

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कांग्रेस ने आतिशी के खिलाफ अलका लांबा को उतारा

नई दिल्ली, 03 जनवरी। दिल्ली मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने अलका लांबा को आतिशी के खिलाफ अपना उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है। कांग्रेस ने


- **नये साल पर कालकाजी मंदिर पर पूजा के बाद से ही अलका लांबा के यहाँ से चुनाव लड़ने की चर्चा चल रही थी।**


आधिकारिक तौर पर अलका के नाम की घोषणा कर दी है। कांग्रेस ने अलका लांबा को कालकाजी विधानसभा से चुनाव मैदान में उतारा है। मौजूदा समय में आतिशी कालकाजी से विधायक हैं। वह पार्टी की प्रमुख महिला चेहरा हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तेज रफ्तार ट्रेलर ने ऑटो को टक्कर मारी, मां-बेटे सहित पांच की दर्दनाक मौत

## गोगुन्दा-पिण्डवाड़ा हाईवे पर सड़क पर हुआ हादसा, ऑटो चालक सहित नौ जने घायल


पिंडवाड़ा हाईवे पर हुये हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई।


हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई।

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में बेकरिया थाना क्षेत्र के देवला चौकी से आगे पिंडवाड़ा हाईवे पर शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने सवारी ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो में सवार 5 सवारियों की मौत हो गयी। मृतकों में 2 वर्षीय बच्चा, उसकी मां सहित 3 अन्य महिलाएं शामिल हैं। वहीं 5 बच्चे और तीन महिलाओं सहित 8 सवारियां और ऑटो चालक घायल हो गये। हादसे की सूचना पर एडीएसपी गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, डीएसपी, एसएचओ मय जाब्ता पहुंचे। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया और मृतकों के शव मोर्चरी रखवाए गए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि देवला चौकी से आगे हाईवे पर काफी ढलान है। देवला से पिंडवाड़ा की तरफ तेज रफ्तार ट्रेलर ढलान पर अचानक अनियंत्रित हो गया और उसने आगे चल रहे सवारी ऑटो को जोरदार टक्कर मारी। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और एक-दो सवारियां उछलकर पुलिया से कई फीट नीचे जा गिरी। मौके पर 4 महिलाओं और 1 बच्चे की मौत हो गयी, वहीं 5 बच्चे और तीन महिलाएं घायल हैं। भीषण हादसे में बेकरिया के गाडलिया निवासी मां-बेटे ममता (22) पत्नी गोमाराम गरासिया, इसका 2 वर्षीय पुत्र टुमाराम, कस्तूबाई (45) पत्नी खुमाजी गरासिया, सालरिया निवासी पुष्पा (35) पत्नी सोहनलाल गरासिया, उपलावास निवासी मंजूबाई (25) पत्नी सोमाराम गरासिया की मौत हुई है। वहीं मृतका पुष्पा का बेटा आदित्य (12), मंजू की पुत्री गुड्डी, सुरेश (12) पुत्र मंसाराम, सतीश (2) पुत्र रमेश, गीता (5) पुत्री मोहन, सवीबाई (23) पत्नी रमेश, अनीता बाई (25) पत्नी नरसाराम और गोमीबाई (45) पत्नी जीताराम गरासिया घायल हुए हैं।

- **हादसा इतना भीषण था कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और एक-दो सवारियां उछलकर पुलिया से कई फीट नीचे जा गिरी**

एसपी योगेश गोयल ने बताया कि देवला चौकी से आगे पिंडवाड़ा हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रेलर ढलान पर अनियंत्रित हो गया और आगे चल रहे सवारी ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में चार महिलाओं और एक बच्चे की मौत हुई है। यह सभी सवारी ऑटो में सवार थे और आस-पास क्षेत्र के रहने वाले थे। ऑटो में सवार आठ सवारियां घायल हुई हैं, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया है। मौके पर डीएसपी, थानाधिकारी मय जाब्ता तैनात है।

# फार्म हाउस के किचन से पकड़ा गया टाइगर

- **बगल के कमरे में सो रहा था कर्मचारी**

**अलवर।** तीन दिन में पांच लोगों पर हमला कर चुका युवा और भारी-भरकम टाइगर आखिरकार ट्रैंकुलाइज कर लिया गया। सरिस्का टाइगर रिजर्व से निकला टाइगर एसटी-2402 एक गांव में बने फार्म हाउस के किचन में बैठा हुआ था। खास बात यह है कि उस किचन के बगल के कमरे में ही एक कर्मचारी दरवाजा खुला रखकर सोया हुआ था, जब टाइगर ने दहाड़ा तब उसे पता चला।

देर रात वनकर्मियों को अलवर जिले के रैणी में चिल्कीबास रोड स्थित एक फार्म हाउस के किचन में होने की जानकारी दी गई। सुबह 6 बजे टीम मौके पर पहुंची और करीब 3 घंटे बाद टाइगर को ट्रैंकुलाइज कर लिया गया। टाइगर 1 जनवरी (बुधवार) को सरिस्का से दौसा जिले के महुखुर्द गांव में घुस गया था। यहां उसने पहले तीन लोगों पर हमला किया, इसके बाद उसने ट्रैंकुलाइज करने की कोशिश में लगे 2 वनकर्मियों की गाड़ी पर भी झपट्टा मारा था। इस हमले में वनकर्मी बाल-बाल बच गए। गुरुवार को भी दिनभर उसे ट्रैंकुलाइज करने की कोशिश होती रही, लेकिन वह खेतों में वनकर्मियों को छकाता रहा। रेंजर कृष्ण कुमार ने बताया कि टाइगर को टैंकुलाइज कर लिया गया है।

चिल्कीबास गांव के ओमप्रकाश मीणा के मकान की किचन खुली थी, किचन में गेट नहीं लगा था। टाइगर वहीं घुस गया था। फिर वहीं पर आराम करने लगा। टाइगर को ट्रैंकुलाइज करने वाले डॉ. दीनदयाल ने बताया कि हमें रात को 2 बजे सूचना मिली थी कि किसी मकान में टाइगर है। रात को ट्रैंकुलाइज नहीं कर सकते थे। दीनदयाल ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे टीमें मौके पर पहुंची। टाइगर पहले हमला कर चुका था, इसलिए उसके पास बंद कार में जाना पड़ा। बंद कार को किचन से करीब 25 फीट की दूर खड़ा किया। किचन का गेट खुला था, पहले ही शॉट में ट्रैंकुलाइज सफल हो गया। टाइगर अग्रेसिव होने के कारण उसके पलटकर हमला करने का डर भी था।

4 साल का टाइगर इतना बड़ा और भारी था कि उसे तुरंत 10 लोगों ने मिलकर कार में डाला। टाइगर का वजन 200 किलो है। फार्म हाउस का मालिक का कर्मचारी मनोज वहां रहता है। उसने खुद का कमरा भी खुला छोड़ रखा था, लेकिन रात करीब डेढ़ बजे किचन से ही टाइगर ने दहाड़ लगाई। तब वह जागा और उसे पता चला कि टाइगर किचन में है। तब उसने खुद का कमरा बंद किया और मालिक को फोन कर बताया। फिर मालिक ने पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया और वन अधिकारियों को जानकारी दी गई। डीएफओ अभिमन्यू साहरण ने बताया कि ट्रैंकुलाइज करने में सरिस्का व रणथंभौर की 2 टीमों की मुख्य भूमिका रही।


**कार्यालय उपवन संरक्षक धौलपुर**

क्रमांक- उ.व.सं.धौ/लेखा/निविदा/2024-25/7924 दिनांक-27.12.2024

**Notice Inviting Bid**

Bid for construction of Boundry wall in range van vihar Dholpur Division are invited from interested bidders upto 2.00 PM, 07.01.2025. other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and https://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 14.92 lakhs.

**UBN NO. FOR2425WSOB03390**

**DIPR/C/7/2025** **DCF Dholpur**


## युवक ने आत्महत्या की

**कोटा, (निसं)** रेलवे कॉलोनी थाना इलाके में एक युवक ने शराब के नशे में घर में फांसी का फन्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक कारीगरी का काम करता था और शराब पीने का आदी था। रेलवे कॉलोनी थाने के एएसआई सुभाष शर्मा ने बताया कि अंबेडकर कॉलोनी निवासी जयचंद (38) ने शराब के नशे में घर में फांसी का फन्दा लगा लिया। जब काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं आया तो परिजनों ने देखा तो वह कमरे में पंखे के कड़े से लटका हुआ था। एएसआई ने बताया कि परिजन उसे एमबीएस अस्पताल उपचार के लिये लेकर गये जहां डॉक्टर ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

# युवक पर हमला करने वाले पांच युवक गिरफ्तार


पुलिस ने हमला करने के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**अजमेर, (कासं)।** गेगल थाना इलाके में एक युवक पर प्राणघातक हमला करने के मामले में गेगल थाना पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक बोलेरो कार जब्त की गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गाड़ी को साइड देने की बात को लेकर मारपीट की गई थी। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने के साथ ही मामले में फरार हिस्ट्रीशीटर सहित अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

गेगल थाना प्रभारी थाना अधिकारी भवानी सिंह ने बताया कि 30 दिसंबर 2024 को लाडपुरा निवासी सुमेर सिंह ने थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया था। पीड़ित ने रिपोर्ट में बताया कि 29 दिसंबर को रात्रि 11 बजे उसका भाई सूरज अपनी मोटरसाइकिल से लाडपुरा आ रहा था। इसी दौरान एक बोलेरो में बैठे लोगों ने सूरज सिंह का पीछाकर लाडपुरा अंडरपास पर रुकवाकर उस पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर टीम का गठन किया और कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

थाना प्रभारी भवानी सिंह ने बताया कि टीम के द्वारा घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी चेक करते हुए आरोपियों को चिन्हित किया। घटना में शामिल हिस्ट्रीशीटर सुनील हाकला व मोनू गुर्जर को आश्रय देने वाले आरोपियों को पता लगाकर मुलजिमों की तलाश की गई, जहां टीम ने कार्रवाई करते हुए घुघरा निवासी सुनील गुर्जर उर्फ माना, विष्णु गुर्जर पुत्र देवा, भुनाबाय निवासी कमलेश उर्फ अन्ना गुर्जर, घूघरा निवासी जसराज उर्फ जस्सी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक बोलेरो कार को जब्त किया गया है।

- **पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बोलेरो कार जब्त की**
- **फरार हिस्ट्रीशीटर सहित अन्य आरोपियों की तलाश जारी**

आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि वारदात में शामिल सुनील हाकला व मोनू गुर्जर जो सिविल लाइन थाने के हिस्ट्रीशीटर है, जिनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज है। दोनों ने एक संगठन अपराध का गिरोह बना रखा है, जो बर्थडे पार्टी के नाम से एक जगह एकत्रित होकर शराब पार्टी करते हैं और आसपास के क्षेत्र में अपना वर्चस्व बढ़ने के लिए लोगों के साथ मारपीट करते हैं। पुलिस मामले में फरार हिस्ट्रीशीटर सुनील हाकला और मोनू गुर्जर सहित अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सानिवि नगर खण्ड बीकानेर**

क्रमांक-5286 दिनांक-27.12.2024

**Notice Inviting Bid-40/2024-25**

Bid for the "Annual Rate Contract for Upgradation and Renewal work of Budget Announcement 94/2023-24 LSG work" are invited from interested bidders from 27.12.2024 [09.30 AM] to 14.01.2025 [06.00 PM] & Open date 15.01.2025 [11.00 AM] other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://www.pwd.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 243.30 Lakh.

**UBN NO. PWD2425WSOB12790, PWD2425WSOB12791**

**DIPR/C/52/2025** **Executive Engineer, PWD City Division,Bikaner**

**कार्यालय नगर पालिका अन्ता जिला बारां (राज0)**

कोटा बारां रोड, अन्ता 325202 दूरभाष-07457-244404 फैक्स-244404 Email : antanagarpalika@gmail.com, nagarpalikaanta1@gmail.com

क्रमांक : न.पा.अ./निर्माण/2024-25/4147 दिनांक:-30/12/2024

**निविदा सूचना- 15/2024-25**

नगर पालिका अन्ता द्वारा निर्माण संबधित कार्य हेतु विभिन्न विभागों में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-निविदा पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। संवेदक निविदा प्रपत्र लोक उपापन की वेबसाईट http://Sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त कर सकेगें।

NIB No - DLB2425A4642

UBN No - DLB2425WSOB14051

UBN No - DLB2425WSOB14053

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका अन्ता

राज.संवाद/सी/24/9852


# डीडवाना में पानी की टंकी में मृत पाए गए 35 कबूतर

- **मृत कबूतरों के कारण दूषित पानी सप्लाई हो रहा था**
- **शेरानी आबाद गांव का है मामला, बीमार पड़े कई ग्रामीण**

**डीडवाना, (निसं)।** डीडवाना के ग्राम शेरानी आबाद गांव में पेयजल सप्लाई करने वाली जलदाय विभाग की पानी की टंकी में 35 कबूतर मरे हुए पाए गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से कबूतर टंकी में मरे हुए पड़े थे, जिसकी वजह से गांव में कई दिनों से दूषित और बदबूदार पानी सप्लाई किया जा रहा था। इसकी वजह से गांव के कई लोग बीमार भी हो गए।

इस दौरान गांव के लोगों ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को सूचित किया। इसके बावजूद विभाग का कोई भी अधिकारी और कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे। जिस पर मजबूरन गांव के युवाओं ने जब टंकी पर जाकर देखा, तो पानी में करीब 35 कबूतर मृत पाए गए। इस पर ग्रामीणों ने दोबारा जलदाय विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी। इसके बावजूद कोई भी कार्मिक मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति रोष व्याप्त हो गया। पंचायत समिति सदस्य शेर मोहम्मद सहित अनेक ग्रामीणों ने जनता विभाग की कार्यप्रणाली पर रोष जताते हुए कहा कि जलदाय विभाग का रवैया गैर जिम्मेदाराना है।

विभाग को बार-बार सूचना दी गई कि गांव में दूषित और बदबूदार पानी सप्लाई हो रहा है। इसके बाद भी अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। टंकी की सफाई भी पिछले 3 साल से नहीं की गई है। सफाई का जिस ठेकेदार को दिया गया है, वो भी टंकी की सफाई नहीं करवाता। उल्टे कागजों में सफाई के नाम पर सरकारी धन को हड़पा जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि दूषित पानी की सप्लाई करने वाले कार्मिकों और लापरवाही पर रखने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## प्रधानमंत्री की ओर से चादर आज पेश होगी

**अजमेर, (कासं)।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलात मंत्री किरेन रिजिजू शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से भेजी गई चादर लेकर अजमेर पहुंचेंगे। मंत्री किरेन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दरगाह में उर्स के मौके पर चादर पेश करेंगे। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को चादर सौंपी है। चादर को लेकर अजमेर पुलिस व सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट पर है, जिसके चलते 3 जनवरी को संभागीय आयुक्त महेश शर्मा, डीआईजी ओमप्रकाश व जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा समेत अन्य अधिकारियों ने दरगाह बाजार व दरगाह परिसर सहित आस-पास के इलाकों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अजमेर जिला पुलिस के साथ सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट पर हैं।

# भाभी की हत्या का आरोपी देवर गिरफ्तार

- **देवर-देवरानी के झगड़े में बीच-बचाव करने आई भाभी की देवर ने हत्या कर दी थी**

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने मोदर गांव में भाभी की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी देवर को गिरफ्तार कर लिया है। देवर-देवरानी के झगड़े में बीच-बचाव करने आई भाभी की देवर ने लट्ठ मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

बिछीवाड़ा थानाधिकारी ने बताया कि चुंडावाडा निवासी मुकेश भगोरा ने 30 दिसम्बर को रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया था कि 15 साल पहले उसने अपनी बहन राजू की शादी मोदर गांव निवासी लालशंकर से करवाई थी। 29 दिसम्बर को राजू के देवर हरीश और उसकी पत्नी के बीच मोबाइल चलाने की बात को लेकर झगड़ा हो गया था। जिस पर राजू ने अपने देवर-देवरानी के झगडे का बीचबचाव किया तो इस दौरान देवर हरीश ने गुस्से में आकर लट्ठ से अपनी भाभी पर वार कर दिया। जिसके चलते उसकी भाभी की मौत हो गई। वहीं आरोपी देवर हरीश फरार हो गया था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी देवर की तलाश शुरू की। पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए आरोपी देवर हरीश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस हत्यारे देवर से पूछताछ कर रही है।


**बीकानेर नगर निगम**

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स नं :- 0151-2226906, फोन नं:- 0151-2226902, 2226905, Email Address :- bikanernagarnigam@gmail.com, Website :- www.bikanermc.org

क्रमांक/स्टेशनरी/2024-25/129 दिनांक 02.01.2025

**निविदा सूचना संख्या 06/2024-25/स्टेशनरी**

नगर निगम बीकानेर द्वारा आवश्यकतानुसार लेजर प्रिंटर व ब्लैक रिफिलिंग आपूर्ति का अनुबंधित कार्य करने के इच्छुक सम्भरणकर्त्ता जो कार्य करने/सामग्री सम्भरण करने के लिए अधिकृत/पंजीकृत हो से दरें निर्धारित निविदा प्रपत्र में आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बधित विवरण राज्य सरकार की ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in तथा नगर निगम, बीकानेर की वेबवाईट www.bikanermc.org पर देखी व डाउनलोड की जा सकती हैं।

अनुमानित लागत राशि :-4.00 लाख

UBN Number : DLB2425SLOB14344

आयुक्त बीकानेर नगर निगम

राज.संवाद/सी/24/9905

**Office of The Superintending Engineer, PHED, Circle Jhalawar**

**Notice Inviting Bid No. 13/2024-25**

Bids for Augmentation/Retrofitting of various water supply scheme Sarda Panchayat Samiti Aklera District Jhalawar on Risk & cost basis and Augmentation/Retrofitting of water supply scheme Kolukheri Kalan PS Manoharthana under JJM of District Jhalawar are invited from interested bidders upto 08.01.2024, 18.00 Hours. Other particulars of the bid may be visited on the http://sppp.rajasthan.gov.in, http://www.eproc. rajasthan.gov.in, and http://rajwater.gov.in departmental website.

NIB NO. PHE2425A3645 dated 30.12.2024

UBN NO. PHE2425WSOB07704, PHE2425WSOB07705

**DIPR/C/35/2025** **Superintending Enginer, PHED, Circle Jhalawar**


# घने कोहरे के चलते एक के बाद एक कई वाहन टकराये

## अजमेर-भीलवाड़ा हाईवे पर स्थित कोठारी नदी की पुलिया पर हादसा हुआ






अजमेर-भीलवाड़ा हाईवे पर स्थित कोठारी नदी की पुलिया पर घने कोहरे से कई वाहन टकरा गए, इनमें एक यात्री बस भी शामिल है।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** अजमेर-भीलवाड़ा हाईवे पर स्थित कोठारी नदी की पुलिया पर घने कोहरे के चलते एक के बाद एक कई वाहन टकरा गए। वाहनों की संख्या एक दर्जन के करीब बताई जा रही है। इनमें एक यात्री बस भी शामिल है। उधर हादसे के बाद भीलवाड़ा-अजमेर हाईवे पर लंबा जाम लग गया। मांडल थाने के साथ ही आसपास के थानों से भी पुलिस जाप्ता मौके पर बुलवाया गया। पुलिस जाम खुलवाने के प्रयास कर रही है। वहीं एक व्यक्ति के ट्रक में फंसा है, जिसे बाहर निकालने के प्रयास किया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह मांडल थाना क्षेत्र में घना कोहरा भांकरोटा जयपुर जैसे हादसे का कारण बन गया। नदी किनारे कोहरे के चलते हाईवे पर विजिबिलिटी काफी कम थी। यही वजह रही की मांडल स्थित कोठारी नदी की पुलिया पर एक ही लेन में चल रहे दो वाहन टकरा गए। इसके बाद पीछे से आए के बाद एक करीब एक दर्जन वाहनों की भी भिड़ंत हो गई। वाहनों की गति धीमी होने के चलते कोई गंभीर दुर्घटना नहीं हुई लेकिन वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं सड़क की दूसरी दिशा में एलपीजी गैस सिलेंडर से भरा ट्रक भी मौजूद था, यदि हादसा दूसरी लेन में हुआ होता तो घटना भांकरोटा की घटना जैसा रूप ले सकती थी। वहीं इस हादसे में एक ट्रक में सवार व्यक्ति भी केबिन में फंस गया, जिसे निकालने के प्रयास जारी है। उधर इस दुर्घटना के बाद वाहनों में सवार लोगों के साथ ही चालकों में अफ़रा तफरी मच गई। वहीं देखते ही देखते हाईवे पर लंबा जाम लग गया। दुर्घटना और सूचना मिलते ही मांडल थाना प्रभारी संजय गुर्जर मौके पर पहुंचे और घायलों को हॉस्पिटल पहुंचने के साथ ही जाम खुलवाने के भी प्रयास शुरू किए। जिला कलक्टर नमित मेहता और पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर और राहत कार्यों का जायजा लिया। एनएचएआई के माध्यम से हाइवे पर लगे जाम को खुलवाकर आवाजाही को सुचारू किया गया।

- **सड़क की दूसरी दिशा में एलपीजी सिलेंडर से भरा ट्रक भी मौजूद था, बड़ा हादसा टला**

जिला कलक्टर ने मौके पर एनएचएआई के अधिकारियों को पुलिया के दोनों तरफ रिफ्लेक्टर लाइट लगाने के निर्देश दिए। जिससे भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटना से बचाव हो सके। इसके अलावा, उन्होंने रोड पर व्हाइट लाइन को पुनः पेंट करवाने के भी निर्देश दिए। इससे पूर्व, प्रशासन द्वारा दुर्घटना में घायल सभी लोगों को उपचार के लिए महात्मा गांधी जिला अस्पताल पहुंचाया गया। उपखंड अधिकारी मांडल सी एल शर्मा, डीएसपी मेघा गोयल, एनएचएआई, पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी सुबह से ही घटनास्थल पर तैनात हैं।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-करौली**

क्रमांक-ई.ई/करौली/ई-निविदा/2024-25/3502-3414 दिनांक-27.12.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 13/2024-2025**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से राजस्थान राज्य के करौली में सडक एवं भवन कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए", "ए", "बी" एवं "सी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट "www.dipronline.org व http://www.pwd.rajasthan.gov.in/ www.eproc.rajasthan.gov.in एवं "www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB CODE- PWD2425A3501

UBN NO. 1. PWD2425WSOB12747, 2. PWD2425WSOB12748, 3. PWD2425WSOB12749, 4. PWD2425WSOB12750, 5. PWD2425WSOB12751, 6. PWD2425WSOB12752, 7. PWD2425WSOB12753, 8. PWD2425WSOB12754

DIPR/C/39/2025 (चन्द्र प्रकाश), अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड करौली

**जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

प्रभासिम शशि सूर्ययोः

कार्यालय संभागीय मुख्य अभियंता (जयपुर संभाग) पुराना पॉवर हाऊस, बनीपार्क, जयपुर

टेलीफैक्स : 0141 - 2201489, ईमेल: zcejz@jvvnl.org

**ई - निविदा सूचना**

ई-निविदा दो भागों में (तकनीकी-वाणिजियक), 33/11 केवी कृष्णा सिटी जीएसएस जिला जयपुर का निर्माण और 33 केवी और 11 केवी इंटरकनेक्शन का निर्माण का कार्य सहायक अभियंता (एच टी एम-VI) जेपीडी, जयपुर डिस्कॉम, जयपुर के जयपुर सिटी सर्कल - दक्षिण के अधिकार क्षेत्र में टीएन - 88 के तहत एआरसी पर योग्य निविदादाताओं से श्रम दर पर आमंत्रित किये जाते है। योग्य निविदादाता सम्पूर्ण निविदा संबंधित दस्तावेज ई - प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 07.01.2025 से डाउनलोड कर सकते है। निविदायें ऑनलाईन ई- पोर्टल पर दिनांक 16.01.2025 को सांय 05:00 बजे तक ही स्वीकार की जावेगी। निविदा संबंधी जानकारी कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेब साईट www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

UBN : VVN2425WSOB01025

राज.संवाद/सी/24/9917 जेपीआर - 2931 (2025) संभागीय मुख्य अभियंता (कोटा संभाग)

बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507

# गर्भवती महिलाओं के लिए पौष्टिक आहार पहली प्राथमिकता : बिरला

## जच्चा-बच्चा स्वस्थ रहे यह हम सभी की जिम्मेदारी : उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

**कोटा, (निसं)।** कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र में गरीब एवं वंचित वर्ग की गर्भवती महिलाओं के उचित पोषण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा के उद्देश्य से संचालित ''सुपोषित मां'' अभियान के तीसरे चरण का शुभारम्भ शुक्रवार को यहां छप्पन भोग परिसर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया। कार्यक्रम में गरीब एवं अभावग्रस्त परिवारों की 1500 गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित किए गए।

मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की आने वाली पीढ़ी स्वस्थ हो एवं गर्भवती महिलाओं को पर्याप्त पोषण मिल सके, इस उद्देश्य से ''सुपोषित मां'' अभियान शुरू किया गया था। गरीब एवं वंचित वर्ग की गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर नौ माह तक उनकी नि:शुल्क जांच एवं पौष्टिक आहार का इंतजाम करना इस अभियान की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने उपस्थित लोगों का आव्हान किया कि उनके मोहल्ले, गांव-ढाणी में कहीं भी ऐसी गर्भवती महिला मिले जिसे गरीबी के कारण पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा हो उनकी जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि ''सुपोषित मां'' अभियान के तृतीय चरण में उनके पोषण की भी जिम्मेदारी उठाई जा सके। बिरला ने कहा कि गरीब एवं वंचित वर्ग की गर्भवती महिलाओं की चल चिकित्सालय के माध्यम से नि:शुल्क जांच एवं आवश्यकता होने पर नि:शुल्क दवाएं उपलब्ध कराने के भी प्रयास किए जाएंगे। अभावग्रस्त महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। महिलाओं को घर बैठे निश्चित आमदनी हो सके इसके लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए वर्ष में नए संकल्प के साथ कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र के हर गांव-ढाणी में महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनें और आर्थिक रूप से गरीब परिवार में पैदा होने वाली बेटियों को आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा मिले इस दिशा में कार्य किया जाएगा।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के पोषण का ध्यान रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस ओर सकारात्मक कदम उठाते हुए वर्ष 2020 में सुपोषित मां अभियान की शुरुआत की। उन्होंने नई पीढ़ी को जन्म देने वाली गर्भवती महिलाओं के साथ ही होने वाले बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए पोषण किट उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया, यह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि आगामी बजट में गर्भवती महिलाओं के पोषण के संबंध में योजना लाने के बारे में मुख्यमंत्री से चर्चा की जाएगी। उन्होंने गर्भवती महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने पोषण पर उचित ध्यान दें।



कोटा में ''सुपोषित मां'' अभियान के तहत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गर्भवती महिलाओं को पोषण किट दिये।

- ''सुपोषित मां'' अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ, 1500 गर्भवती महिलाओं को पोषण किट बांटे

इस अवसर पर प्रतीकात्मक रूप से 20 गर्भवती महिलाओं को पोषण किट प्रदान किए गए। कार्यक्रम में कुल 1500 महिलाओं को ये पोषण किट वितरित किए गए। साथ ही, गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क जांच करने वाली 5 महिला चिकित्सकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, कोटा दक्षिण महापौर राजीव अग्रवाल, जन प्रतिनिधि राकेश जैन, प्रेम गोचर सहित अन्य अतिथि एवं लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रही।

# 1.74 करोड़ रुपये की साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

## साइबर ठग ने तीन दिन में मार्केटिंग कम्पनी को एक करोड़ से ज्यादा रूपये की चपत लगा दी थी

**बून्दी (निसं)।** बून्दी पुलिस ने साइबर शील्ड ऑपरेशन के तहत अब तक के सबसे बड़े साइबर फ्राड कांड का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक ऐसे शातिर साइबर ठग को गिरफ्तार किया है जिसने महज तीन दिन में एक मार्केटिंग कम्पनी को एक करोड़ से ज्यादा रूपये की चपत लगा दी थी। पुलिस को 18 दिसम्बर को दर्ज मुकदमे में शातिर ठग दुर्गाशंकर योगी पुत्र रामकुमार योगी निवासी जजावर थाना नैनवां को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

पुलिस ने ठग को गिरफ्तार किया तो उसके पास इतनी नकदी मिली कि पुलिस को नोट गिनने के लिए बैंक से मशीन और कर्मचारी बुलाने पड़े। जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीना ने बताया कि पुलिस साइबर क्राइम के खिलाफ ऑपरेशन साइबर शील्ड चला रही है। उन्होंने बताया कि एएसपी उमा शर्मा के सुपरविजन में बून्दी पुलिस उपाधीक्षक अरूण मिश्रा की अगुवाई में बड़ी कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि आरोपी ने ठगी का तरीका ऑनलाइन सीखा। इसके बाद एक मार्केटिंग कम्पनी की वेबसाइट हैक कर 1 करोड़ 74 लाख के ट्रांजेक्शन महज तीन दिन में कर लिए। पुलिस ने ठग के खातों में बची करीब 73 लाख रूपये की राशि फ्रीज करवा दी है, जबकि ठग के पास 61 लाख 80 हजार रूपये की बड़ी राशि नकदी के रूप में मिली है। पुलिस ने साइबर अपराधी से साइबर फ्राड की घटना में प्रयुक्त एक कम्प्यूटर, मॉनिटर, 6 मोबाइल सिम, दो मोडेम व एक क्रेडिट कार्ड जब्त किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ में ओर भी कई ठगी की वारदातों का खुलासा हो सकता है।

- पुलिस ने ठग को गिरफ्तार किया तो उसके पास इतनी नकदी मिली कि नोट गिनने के लिए बैंक से मशीन और कर्मचारी बुलाने पड़े

पुलिस की इस सफलता में सहायक उप निरीक्षक श्यामसुंदर व हैड कांस्टेबल मुकेन्द्रपाल सिंह की विशेष भूमिका रही है। जबकि टीम में सहायक उप निरीक्षक रोशनलाल, कांस्टेबल शैलेन्द्र सिंह, वृजपाल, सुभाष, महेन्द्र, राहुल, रामप्रताप व चालक लाल सिंह शामिल रहे।

# तेज रफ्तार पिकअप डिवाइडर पर चढ़ी

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र में रेती स्टैंड के पास गुरुवार रात को एक तेज रफ्तार पिकअप ने डिवाइडर पर तीन गमले तोड़ दिए, एक रोड लाइट पोल को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना रात के समय होने और सड़क पर कोई दूसरी गाड़ी नहीं होने से बडा हादसा टल गया।

शहर में तीजवड की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप बेकाबू हो गई। रात करीब 1 बजकर 13 मिनट पर पिकअप रेती स्टैंड के पास डिवाइडर पर चढ़ गई। पिकअप ने डिवाइडर को टक्कर मार दी। वहीं एक रोड लाइट को भी तोड दिया। घटना में पिकअप भी क्षतिग्रस्त हो गई। पिकअप की रफ्तार इतनी तेज थी कि डिवाइडर पर गमले टूटने के बाद केवल धूल के गुबार ही उड़ते दिखे। घटना के बाद कोतवाली पुलिस और नगर परिषद की टीम भी पहुंच गई। हादसे के समय कोई दूसरी गाड़ी और लोग नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। घटना मौके पर एक ट्रैवल्स के ऑफिस के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसमें पिकअप की टक्कर के बाद धूल उड़ते हुए ही दिख रही है। वहीं पुलिस ने पिकअप को जब्त कर कोतवाली थाने में खड़ी करवाई है।

# एक लाख की सिगरेट चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शास्त्री सर्कल स्थित एक पान के गल्ले से चोर एक लाख की सिगरेट चोरी कर ले गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जमनालाल पुत्र मोहनलाल आचार्य निवासी जे नाकोडा नगर कालका माता रोड ने रिपोर्ट दी कि उसकी बजरंग पान शास्त्री सर्कल पान की दुकान से अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर एक लाख दस हजार की सिगरेट अलग-अलग ब्रांड की व 17 हजार रूपए नगद चुरा कर ले गए। रिपोर्ट पर भुपालपुरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कार पर पथराव करने के चार आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने कार और ऑटो के बीच टक्कर के बाद पथराव कर दिया था, जिसमें कार के शीशे फूट गए थे। मामले में पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

कोतवाली थानाधिकारी ने बताया कि गामडी अहाडा निवासी महेश कुमार पुत्र मणिलाल जैन ने 29 दिसंबर को रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि वे रविवार देर शाम अपनी पत्नी सुनिता देवी और बेटे यश के साथ कार में सवार होकर एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए डूंगरपुर में आ रहे थे। शाम करीब 7 बजे बाद बालाडिट के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ऑटो ने लहराते कार को टक्कर मार दी। इसके बाद मौके पर लोग इकट्ठे हो गए। ऑटो वाला झगड़ा करने लगा। वहीं, लोगों ने कार पर पथराव कर दिया।




कार पर पथराव कर शीशे तोड़ने के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

जिससे कार के आगेए पीछे और साइड के कांच फूट गए। कार को भारी नुकसान हुआ। मामले में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। हेड कॉनि. प्रहलाद सिंह, महिपाल सिंह और रविन्द्र सिंह की टीम ने छानबीन करते हुए चार बदमाशों को नामजद कर लिया। पुलिस ने आरोपी रौनक उर्फ पिंटू पुत्र मुकेश मनात मीणा निवासी बालाडिट, ओम उर्फ गम्पा पुत्र मुकेश मनात मीणा, सतीश पुत्र कांतिलाल मीणा और आकाश पुत्र प्रकाश मनात मीणा निवासी बालाडिट को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस चारों बदमाशों से पूछताछ कर रही है।

## हादसे में तीन घायल

**डूंगरपुर, (निसं)।** अस्पताल में इलाज कराकर लौट रहे बाइक सवार देवर भाभी और डेढ साल के बच्ची को शुक्रवार दोपहर एक बजे वागदरी के निकट तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारी दी। हादसे में बाइक चला रहा देवर और 6 माह की गर्भवती भाभी और उसका डेढ साली की बच्ची को गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 की मदद से डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जानकारी अनुसार वागदरी निवासी संगीता पत्नी मुकेश डोमार अपनी डेढ साल की बच्ची साक्षी को लेकर देवर राहुल पुत्र रणछोड डामोर के साथ देवल अस्पताल में टीकाकरण के लिए आए हुए थे। जहां से वापस घर लौटते समय वागदरी के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में देवर, भाभी और डेढ साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए।

# तहसीलदार ने खुला बोरवेल बंद करवाया



अरांई तहसीलदार हरिराम ने बोरवेल का निरीक्षण किया।

**अरांई, (निसं)।** खुले बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटना को लेकर तहसील प्रशासन सतर्क एवं संवेदनशील है। आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं संभावित हादसों को रोकने के लिए तहसीलदार हरिराम ने क्षेत्र के गांवों में दौरा कर खुला बोरवेल बंद करवाया।

साथ ही क्षेत्र में लोगों को जागरूक किया गया। तहसीलदार हरिराम ने बताया कि तहसील क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर खुले बोरवेल चिन्हित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि खुले बोरवेल जान-माल के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। ऐसे में तहसील क्षेत्र के पटवारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रियता से कार्य करते हुए खुले बोरवेल की पहचान करने तथा उन्हें तत्काल बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

- तहसील क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर खुले बोरवेल चिन्हित किए जा रहे हैं : तहसीलदार हरिराम

विशेष अभियान के तहत तहसीलदार हरिराम ने शुक्रवार को बालापुरा, ढ़सूक, आकोड़िया, माण्डियावड खुर्द, मोठी आदि क्षेत्र में दौरा किया। इस दौरान उन्होंने खेतों, पुराने भवन, आबादी क्षेत्र सहित कई स्थानों पर बोरवेल की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि बालापुरा में स्टेट हाईवे के पास ही एक बोरवेल के खुले होने की जानकारी मिली। इस पर मौके पर पहुंचकर तुरंत खुले बोरवेल को बंद करवाया गया। इस दौरान अतिरिक्त ऑफिस कानूनगो महेश टेलर भी साथ रहे। तहसीलदार हरिराम ने आमजन से भी अपील की है कि यदि उन्हें कहीं खुला बोरवेल दिखाई दे तो तुरंत इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दे। इससे न केवल हादसों को रोका जा सकेगा, बल्कि क्षेत्र को सुरक्षित भी बनाया जा सकेगा।

## दस्तावेजों का दुरूपयोग

**उदयपुर, (कासं)।** उधार लिए पैसों के एवज में रखे गए मकान के दस्तावेज और स्टॉम्प का दुरूपयोग कर मकान पर कब्जा करने का प्रयास करने का मामला सामने आया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डालचन्द चौधरी पुत्र स्व. मोहनलाल चौधरी निवासी ग्लास फैक्ट्री सुन्दरवास ने त्रिलोक सिंह पुत्र लाभसिंह दिगवा निवासी खेमपुरा, जशोदा पुत्री देवीलाल निवासी खेमपुरा, परमजीत सिंह पुत्र कुलवन्त सिंह भाटी निवासी रेल्वे गेट खेमपुरा के खिलाफ रिपोर्ट दी कि परिवादी का एक मकान ग्लास फैक्ट्री सुन्दरवास में स्थित है। मकान में निर्मित ग्राउण्ड फ्लोर पर एक दुकान है जिसमें परिवादी ने विगत 24 वर्षों से आटा चक्की लगा रखी है तथा व्यवसाय कर रहा है। परिवादी को एक नोटिस त्रिलोक सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से मिले, जिससे उसे पता चला कि परिवादी के सम्पति को त्रिलोक सिंह ने अपनी बताकर परिवादी को 4 हजार रूपए मासिक दर से किराए पर 22 सितम्बर 2012 देना बताया। इस सम्पत्ति को किराए पर देने की झूठा होना बताकर 6 लाख 86 हजार 400 रूपए का किराया बकाया होना बताया। यह उसकी सम्पत्ति हड़पने की कोशिश कर रहा है।

# जायरीन के मोबाइल चोरी करने वाली गैंग पकड़ी, पांच गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों से 6.30 लाख कीमत के 21 मोबाइल बरामद किए

**अजमेर, (कासं)।** विश्व विख्यात सूफी संत हजरत ख्वाजा गरीब नवाज के सालाना उर्स में जायरीनों के मोबाइल चोरी करने वाली गैंग के पांच आरोपियों को दरगाह थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 6.30 लाख कीमत के 21 मोबाइल बरामद किए हैं। आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम देते हैं।

दरगाह थाना प्रभारी नरेंद्र जाखड़ ने बताया कि उर्स को देखते हुए अजमेर एसपी वंदिता राणा की ओर से एक टीम का गठन किया गया था और उर्स में सक्रिय होने वाली गैंग पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। टीम की ओर से सीसीटीवी चेक किए गए। मुखबिर पर होटल संचालकों से संपर्क कर संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से पूछताछ की गई। इस दौरान टीम को सूचना मिलने पर कार्रवाई करते हुए अजमेर निवासी इमरान अली उर्फ पटेल, सलमान पुत्र मोहम्मद जहांगीर, शाहिद पुत्र मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद आमिर पुत्र मोहम्मद सलीम सहित मोहम्मद शफीक पुत्र मोहम्मद हसन को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की कब्जे से 21 कीमती मोबाइल बरामद किए गए हैं। जिसकी कीमत करीब 6 लाख रुपए है।



पुलिस ने मोबाइल चोरी के आरोपियों को पकड़ा।

# शादी कर ससुराल जाते समय दुल्हन फरार

## मंदिर में दर्शन करने के बहाने जेवरात के साथ गायब हुई विवाहिता

**उदयपुर, (कासं)।** शादी कर ससुराल जाते समय एक विवाहिता ने मंदिर में दर्शन करने के बहाने जेवरात के साथ गायब हो गई। पीड़ित युवक ने मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार परमानन्द पुत्र राणारा भील निवासी सूरसागर जोधपुर ने रिपोर्ट दी कि मेरा विवाह 2011 में हो गया था, लेकिन कोरोना में 5 जुलाई 2023 को मेरी पत्नी का देहान्त हो चुका है। मेरे दो लड़के और एक लड़की है जो छोटे हैं और घर मे माता-पिता भी बूढे हो चुके हैं। घर की देखरेख और बच्चों की सार संभाल के लिए मैने दूसरा विवाह करने का सोचा और इस बात को लेकर गोगुन्दा गाँव के पास रहने वाले एक परिवार भगवतीलाल मेघवाल से बातचीत की। भगवतीलाल ने ओगणा मे रहने वाले अपने मित्र अमृतलाल उर्फ पप्पू मेघवाल से बात की। अमृतलाल ने दीपक खराड़ी निवासी फलासिया से बात की। फिर मुझे सुमित्रा खराड़ी पुत्री बाबूलाल खराड़ी को फोटो फोन पर भेजा तो मैने लडकी को पसंद करते हुए उनको अपने घर जोधपुर आने के लिए कहा। 15 सितम्बर 2024 को सुमित्रा, दीपक, रामलाल, भगवतीलाल और अमृतलाल मेरे घर आए।

दीपक ने बताया कि विवाह में जो खाने-पीने का खर्चा होगा वह आपको देना होगा और मुझे 2 लाख 21 हजार रूपए देने को कहा ,साथ मे तीन जेवरात भी देने को कहा। उस समय 5100 रूपए तथा अंगूठी पहनाकर सगाई की रस्म पूरी की। करीब 15 दिन बाद मैने पैसो की व्यवस्था की और गोगुन्दा पहुँचा वहां से मैने भगवतीलाल और अमृतलाल को भी साथ में लिया। लड़की का घर सोमघाटा बताया गया, जहाँ पर सुबह का खाना-पीना करने के बाद मैने दो लाख रूपए दीपक को दिए और मेरे द्वारा लाए सोने का मंगलसुत्र, कानों के झूमके और पैरों की पायजेब सुमित्रा को दी। फिर एक दूसरे को माला पहनाकर वहीं पर विवाह की रस्म को पूरा करके मैं, सुमित्रा, अमृतलाल और भगवतीलाल को अपनी गाड़ी में बैठाकर अपने घर जोधपुर की तरफ वापस रवाना हुआ। मैने भगवतीलाल और अमृतलाल को गोगुन्दा में उतार दिया और सुमित्रा को लेकर आगे बढ़ा।

बीच रास्ते मे सुमित्रा ने कहा कि मैने मन्नत माँगी है कि जब मेरी शादी हो जाएगी तो मै अंबाजी के दर्शन करने जाउंगी तो आप मुझे दर्शन करने ले जाए। मै भी अंबाजी की ओर रवाना हो गया। मंदिर से हमने प्रसाद लिया और करीब शाम 7 बजे पहुंचकर दर्शन की लाइन में खड़े हो गए। मै जेन्ट्स की लाइन में था और सुमित्रा लेडिस की लाइन में खड़ी थी। दर्शन करने बाद मैं मंदिर में ही एक साइड में खड़ा होकर के इंतजार करने लगा, लेकिन कब सुमित्रा पीछे से फरार हुई इसका मुझे पता भी नहीं चला। सुमित्रा को मंदिर में ढूंढा, लेकिन उसका कहीं पर भी पता नहीं चला तो मैने मंदिर के लाउडस्पीकर से अनाउंस करवाया फिर भी कुछ भी पता नहीं चला। मेरे साथ में झूठा विवाह कराके पैसों और जेवरात हड़प लिए गए। रिपोर्ट पर फलासिया थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दम्पती के अनपढ़ होने का फायदा उठाकर जमीन हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** एक दम्पती के अनपढ़ होने का फायदा उठाकर उनसे दस्तावेजों पर अंगूठे लगाकर उनकी जमीन हड़प कर अन्य को बेच दी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनसार कमला पुत्र परथा भील निवासी उत्तावलिया ढिकली बड़गांव ने कन्हैयालाल पुत्र मगनाराम भील निवासी मेघवालो की बस्ती घणोली डबोक दलीचन्द गमेती पुत्र चुन्नीलाल गमेती निवासी नीमचखेड़ा देवाली, किशनलाल पुत्र गुलाब भील निवासी उतावलिया ढीकली डबोक, नंदलाल पुत्र कूका भील निवासी शोभागपुरा, सुन्दर लाल पुत्र दोला भील निवासी नाथी तलाई ढिकली के खिलाफ रिपोर्ट दी कि मेरे ढिकली गाँव में कृषि भूमि है, जिसमें हम सभी ने सहमति से 6 खातेदारों ने 28 अक्टूबर को उसे कन्हैयालाल भील के नाम करवा दी। जिसमे हमारे गांव के सुन्दर लाल की भूमिका रही। वही इस खरीददार कन्हैयालाल को लाया। इस रजिस्ट्री में गवाह के रूप में सुन्दर लाल के हस्ताक्षर है। कन्हैयालाल 14 नवम्बर को हमारे घर आया और बताया कि आपने जो रजिस्ट्री 28 अक्टूबर को करवाई है, उसमें आपका पैसा और निकल रहा है, इसके लिए कलेक्ट्री में अंगुठा लगाना होगा।

- दम्पती से दस्तावेजों पर अंगूठे लगाकर जमीन हडप कर अन्य को बेच दी

इस पर उसने सुन्दर लाल भील से भी बात करवाई और उसने कहा कि कन्हैयालाल सही से काम करवा देगा। इस पर 15 नवम्बर को कन्हैयलाल मुझे व मेरी पत्नी भाग को स्वयं के ऑटो में कलेक्ट्री और रजिस्ट्री ऑफिस लेकर गया, जहाँ अवकाश होने से काम नहीं हो सका। कन्हैयालाल पुनः 16 नवम्बर को हमारे घर आया, मुझे और मेरी पत्नी भागु गमेती को रजिस्ट्री ऑफिस ले जाया गयाए वहां हमारे अंगुठे लगवाए। हमारे अनपढ़ होने से पता ही नहीं चला कि हमारे नाम से जमीन की पावर ऑफ एटोर्नी लिखवा दिया। इसके बाद आरोपियों ने मिलिभगत कर इस पॉवर ऑफ अटार्नी के आधार पर वाडा ढिकली सारी जमीन 2 दिसम्बर को दलीचन्द भील के नाम करवा दी। रजिस्ट्री में 15 लाख रूपए देना बताया है, जो हमे नहीं मिली। रिपोर्ट पर बड़गांव थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार-समाचार

## पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन



**भरतपुर,** (निसं)। एतिहासिक प्राचीन गंगा महारानी मंदिर पर पौष मास के उपलक्ष्य में प्रति वर्ष की भांति पौषबडा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकडों की संख्या में भक्तजनों ने पौषबडा प्रसादी का लाभ लिया। पौष मास में पौषबडा महोत्सव का आयोजन विभिन्न संगठनों एवं मंदिरों पर आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें दाल से बने पौषबडे का ऋतु के हिसाब से भी अपना महत्व है जो शरीर को गर्मी प्रदान करते हैं। इसी कडी में एतिहासिक प्राचीन गंगा महारानी मंदिर पर पौष बडा महोत्सव मनाया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार पौष मास दान करने के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। पौष बडा में इस्तेमाल होने वाली सामग्री का ग्रहों से संबंध माना जाता है, जैसे तेल का शनि ग्रह से, मिर्च का मंगल ग्रह से, जीरा और धनिया का बुध ग्रह से, गेहूँ का चंद्रमा और पृथ्वी से तथा शुक्र ग्रह से शक्कर का संबंध है। हमारी संस्कृति में कोई भी आहार प्रसाद के रूप में बनाया जा सकता है। ऋतुकाल के अनुसार भगवान का प्रसाद और परिधान बदल जाता है। इसलिए सर्दी में भगवान को ऊर्जा पैदा करने वाली सामग्री अर्पित की जाती है। शीतकाल में प्रभु को सौंठ, अजवाइन और तिल से बना प्रसाद चढ़ाया जाता है।

## साधारण सभा की बैठक

**नदबई ,** (निसं)। पंचायत समिति सभागार में शुक्रवार को प्रधान मुन्नीदेवी की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक हुई। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्य सहित समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। जिस पर प्रधान मुन्नीदेवी ने ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यो को लेकर बजट की कमी नही रहने का आश्वासन देते हुए अधिकारियों को आपसी सामंजस्य से कार्य करने व योजनाओं का सफल क्रियान्वन करते हुए ग्रामीणों को लाभान्वित करने को कहा। इससे पहले पंचायतीराज जनप्रतिनिधियों ने बिजली-पानी, जर्जर सडक सरकारी भूमि पर अतिक्रमण व जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वन नही होने के बारे में बताते हुए विभागीय अधिकारियों पर महज कागजी कार्रवाई करने का आरोप लगाया। वही, लगातार बैठक में मुद्दा उठाने के बावजूद जल जीवन मिशन योजना के निर्माण कार्य अधूरे होने पर निर्माणाधीन टंकी को हैण्ड ओवर नही लेने का प्रस्ताव पारित किया। बाद में विकास अधिकारी ने समझाइस करते हुए आगामी बैठक में विभागीय अधिकारियों को उपस्थिति दर्ज कराने की चेतावनी देते हुए ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं को चिन्हित कर निर्धारित समयावधि में समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में महामनरेगा वार्षिक कार्य योजना 2025-26 व पूरक वार्षिक कार्य योजना 2024-25 का अनुमोदन भी किया गया। इस दौरान नदबई नायब तहसीलदार जगवीर सिंह, विकास अधिकारी झूथाराम जाट, सरपंच संघ अध्यक्ष सुजान सिंह, पंचायत समिति सदस्य महेन्द्र मीणा, मिथलेश राजू सिंह सहित अधिकारी मौजूद रहे।

## फुले की जयंती मनाई

**सूरौठ,** (निसं)। तहसील के महात्मा ज्योतिबा फूले भवन में मां सावित्रीबाई फुले की जयंती जगमोहन सैनी कि अध्यक्षता में मनाई गयी,सावित्रीबाई फूले की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प चढ़ाएं एवं सावित्रीबाई फूले की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर झम्मन मेंबर, पूरणमल सैनी, रतन सैनी, श्योदान सैनी, दिगंबर सैनी, धर्म भाई ,श्रीफूल, हरिमोहन पुष्पद, व्याख्याता देवीसिंह सैनी, रितेश जगरिया, शेरसिंह, बंटी मेंबर, श्रीलाल सैनी,वेद प्रकाश सैनी, गुमान सैनी, प्रेम सिंह सूबेदार, अशोक सैनी राजू सैनी चरण सिंह सैनी भूर सिंह धर्म सिंह रतन सैनी सहित कई लोग इस मौके पर रहे उपस्थित व व्याख्याता देवी सिंह सैनी , रीतेश जगरिया व हरिमोहन पुष्पद ने अपने उद्बोधन में कहा कि सावित्री बाई फूले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा जिले के नयागांव में माली जाति में 3 जनवरी 1831 को जन्मी सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका थी इनके पिता का नाम खन्दोजी नैवेसे और माता का नाम लक्ष्मी था सावित्रीबाई फुले शिक्षक होने के साथ भारत के नारी मुक्ति आंदोलन की पहली नेता, समाज सुधारक और मराठी कवयित्री भी थी। इन्हें बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए समाज का कड़ा विरोध झेलना पड़ा था इस मौके पर सैनी समाज के लोग रहें उपस्थित।

## 10 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**सूरौठ,** (निसं)। तहसील में एसबीआई बैंक सीएसपी उदासी का बाग पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भुकरावली के विद्यार्थियों की 10 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग चल रही है । यह कार्यक्रम केंद्र सरकार की कौशल विकास और रोजगार परक शिक्षा योजना के तहत कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जा रहा है प्रशिक्षण में भुकरावली निवासी एसबीआई बैंक सीएसपी वीपी सिंह मीना ने विद्यार्थियों को बैंक की प्रमुख सेवाओं जैसे सामाजिक सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना, खाते खोलना, ई केवाईसी एवं साइबर क्राइम से हो रहे नुकसान से बचाव के बारे में बताया ,इस प्रशिक्षण में बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा ( ) ट्रेड के 24 विद्यार्थियों को शामिल किया गया है शीतकालीन अवकाश के दौरान 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक यह ऑन जॉब ट्रेनिंग सूरोठ में एसबीआई बैंक सीएसपी उदासी का बाग सूरोठ पर कराई जा रही है । प्रधानाचार्या शबनम बानों ने विद्यार्थियों को हरी झंडी बताकर 10 दिन की ट्रेनिंग के लिए रवाना किया । कार्यक्रम के दौरान व्यावसायिक प्रभारी आरती कुमारी, व्यवसायिक प्रशिक्षक राकेश मीना एवं सीएसपी वीपी सिंह मीना उपस्थित रहे।संभागीय आयुक्त ने पहरसर में की जनसुनवाई, अधिकारियों को दिए समस्या समाधान के दिशा-निर्देश

## निर्माणाधीन भवन का किया निरीक्षण

**नदबई,** (निसं)। क्षेत्र की ग्राम पंचायत पहरसर के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर गुरुवार को संभागीय आयुक्त रश्मि गुप्ता ने जनसुनवाई दौरान ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए अधिकारियों को समस्या चिन्हित कर प्राथमिकता से मूलभूत समस्याओं का समाधान करने व लापरवाही बरतने पर विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने करने को कहा। जनसुनवाई में ग्रामीणों ने बिजली-पानी, सरकारी व निजी खातेदारी जमीन पर अतिक्रमण, प्रदेश जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वन नही होने सहित अन्य समस्याओं के बारे में बताया। जिस पर संभागीय आयुक्त ने ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं का समाधान करने को कहा। वही, जिला कलक्टर डॉं अमित यादव ने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने व ग्रामीण क्षेत्र में चिन्हित व्यक्तियों को लाभान्वित कर योजनाओं का सफल क्रियान्वन के निर्देश दिए। इस दौरान संभागीय आयुक्त व जिला कलक्टर ने निर्माणाधीन पीएचसी भवन का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान संभागीय आयुक्त व जिला कलक्टर ने पीएचसी भवन के निर्माण कार्य को लेकर चर्चा करते हुए गुणवत्ता रखने व समयावधि में निर्माण कार्य पूर्ण करने को कहा। इस दौरान एसडीएम गंगाधर मीणा, तहसीलदार कैलाश गौतम, नायब तहसीलदार दीपा यादव, विकास अधिकारी झूथाराम जाट, बीसीएमओ डॉं राहुल कौशिक सहित ब्लॉकस्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

**करौली,** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल के द्वारा राज्य सरकार के निर्देशो की अनुपालना में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र फतेहपुर पंचायत समिति मासलपुर में जनसुनवाई का आयोजन व औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्राम विकास अधिकारी, सरपंच एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित पाये गयें। ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई शिविर में कई कार्मिक अनुपस्थित पाये गये जिन्हें कारण बताओं नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण लिया जा रहा है। जिनमें श्याम सिंह गुर्जर पटवारी हल्का फतेहपुर, मासलपुर,ई मित्र सेवा केन्द्र ग्राम पंचायत मुख्यालय फतेहपुर बंद मिला जिसके विरूद्ध कार्यवाही के लिए सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग करौली को निर्देशित गया है ग्राम पंचायत मुख्यालय के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फतेहपुर, पंचायत समिति मासलपुर के निरीक्षण के दौरान ओ.पी.डी. पंजिका में एक भी मरीज की प्रविष्टी नहीं पायी गई, अस्पताल परिसर में साफ सफाई नहीं पायी गई। अनुपयोगी, नकारा सामान वार्ड में पडा हुआ मिला

# 'बालिका शिक्षा की अलख जगाने से ही होगा समाज का विकास'

**करौली,** (निसं)। महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान छात्रावास परिसर करौली में महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान के तत्वावधान में मां सावित्रीबाई फुले जयंती समारोह आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा छठवें सामूहिक विवाह सम्मेलन के नवयुगल,वर्ष 2024 के सेवानिवृत,नवनियुक्त कर्मचारी,अधिकारी और भामाशाहों का सम्मान किया। समारोह का आगाज महात्मा फुले और मां सावित्रीबाई फुले के चित्रपट पर माला अर्पण कर किया गया।



समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करते अतिथि।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य कीड़ा परिषद जयपुर के पूर्व अध्यक्ष शिवचरण माली, समारोह की अध्यक्षता करौली भाजपा जिला

■ **'मां सावित्रीबाई फुले ने देश में शिक्षा की अलख जगाई'**

अध्यक्ष शिवकुमार सैनी ने कि जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सुरेश सांखला सुपरीटेंडेंट छठवीं बटालियन आरएसी धौलपुर,माली समाज के जिला अध्यक्ष जमुनालाल प्रधान,तुलसीराम सैनी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष,महासभा अध्यक्ष अमरसिंह,फुले ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सैनी,उपसभापति सुनील सैनी,रामगोपाल माली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य कीड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष शिवचरण माली ने कहा कि सावित्रीबाई फुले देश कि पहली शिक्षिका होने का गौरव हासिल करते हुए पूरे देश में बालिका शिक्षा को अंगीकार करने का सपना साकार किया उनके अनुसार ही आज हम सभी को बालिका शिक्षा पर काम करना होगा समाज का आर्थिक विकास करने के लिए सामूहिक कार्यों को अपनाना होगा जिसमें सामूहिक विवाह सम्मेलन, रोजगार परख शिक्षा प्रदान करने के लिए छात्रावास में कोचिंग कक्षाओं का आयोजन,खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना,रोजगार के लिए सेमिनार आयोजित करना आदि शामिल है।

उन्होंने छठवें सामूहिक विवाह सम्मेलन के नव युगल को विवाह प्रमाण पत्र और महात्मा फुले दंपति की तस्वीर भेंट कर स्वागत करते हुए कहा आप सभी को सामूहिक विवाह सम्मेलन की अच्छाई समाज में रखनी है ताकि भविष्य में और अधिक शादियां संस्था द्वारा की जा सके उन्होंने छात्रावास विकास के लिए भामाशाहो को तन मन धन से सहयोग किए जाने का संदेश भी दिया। कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष तुलसीराम सैनी,फुले ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सैनी, प्रवक्ता महेश सैनी ने आदि ने अपने उद्बोधन में कहा कि करौली में शिक्षा की क्रांति लाने के लिए वर्तमान संस्था अध्यक्ष और उनकी समस्त कार्यकारिणी द्वारा छात्रावास विकास के लिए जिस प्रकार से तन मन धन से काम किया जा रहा है वह दिन दूर नहीं जब इसी छात्रावास से सरकारी पदों पर विद्यार्थी पर पढ़ लिखकर पदस्थापित होंगे संस्था की पहल हमेशा सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने की रही है आज गत विवाह सम्मेलन के नवयुगल का सम्मान करके मां सावित्रीबाई फुले का सपना संस्था द्वारा पूरा किया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं भाजपा जिला अध्यक्ष शिवकुमार सैनी ने कहा कि मां सावित्रीबाई फुले ने पूरे देश में शिक्षा की अलख जगाई किसी भी समाज का विकास बालिका शिक्षा के बढ़ावा दिए जाने से संभव है संस्था की अब तक के प्रयास सराहनीय है महात्मा फुले दंपति के सपनों को साकार करने के लिए संस्था अध्यक्ष व संस्था की कार्यकारिणी सदस्य मूर्त आकार देने में लगे हुए हैं उन्होंने कहा कि किसी भी समाज का विकास शिक्षा की जड़े मजबूत करने से होगा जिस प्रकार से मां सावित्रीबाई फुले ने विषम परिस्थितियों में स्वयं पढ़ लिखकर अति पिछड़ी शूद्र वर्ग की महिला को बालिका शिक्षा को बढ़ावा देकर देश की पहली शिक्षिका होने का गौरव प्राप्त किया। महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान के अध्यक्ष प्रेमसिंह माली ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था समाज के आधारभूत ढांचे के अनुसार समाज के प्रभ्रुद्धजन, अग्रणी समाज सेवियों और भामाशाहो के सहयोग से लगातार शिक्षा का केंद्र स्थापित करने में एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन प्रति साल आयोजित कर आर्थिक रूप से समाज को समृद्ध करने में निरंतर अग्रसर है।

# मेरा जीवन गंगापुर के लिए समर्पित है : मानसिंह गुर्जर

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। गंगापुर सिटी जिले को लेकर शुक्रवार को जयपुर बाइपास पर पूर्व विधायक निवास पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारियों की बैठक हुई। इसमें शामिल लोगों ने कहा कि जिला बनने से विकास की राह खुलती है। ऐसे में जिला रहना चाहिए। जिला बनाने की डिमांड 15 साल से थी। सीएम को पत्र भी भेजे गए, जिला बनने से खुशी थी, लेकिन अब मायूसी हुई। सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि पिछली सरकार में राजनीतिक लाभ के लिए इतने जिलों की घोषणा कर दी, लेकिन एक साथ इतने जिलों का संचालन संभव नहीं है।

पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने कहा कि जनगणना का काम पूरा होने दीजिए। इसके बाद जिले की मांग को सीएम के समक्ष पुरजोर तरीके से रखेंगे। गंगापुर सिटी को जिला बनाने में व्यापारी तन, मन और धन से सहयोग को तत्पर हैं। उन्होने कहा कि मै चाहे चुनाव जीतू या हारू इससे कोई फर्क नहीं पडता मै आखरी दम तक गंगापुर के लिए पुरी तरह से समर्पित रहेगा। पूर्व विधायक ने कहा कि गंगापुर सिटी को जिला बनवाने के लिए सीएम से पुनजोर मांग करेंगे।

■ **'गंगापुर सिटी को यथावत जिला बनाए रखने के लिए सीएम से किया जायेगा आग्रह'**

उन्होने कहा कि मुझे इस बात का दुख है कि गंगापुर कि जनता के रूप में छलावा हुआ है। उन्होने कहा कि उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा का गृहजिला दूदू सहित 9 जिले कैसिंल हुआ है जो कि नियमो की अनदेखी कर बनाया गया है। जबकि जिला घोषित होने से पहले पूरे मापदण्ड करने चाहिए थे। बैठक के दौरान हेमंत शर्मा और गिरधारी धौलेटा ने कहा कि गंगापुर सिटी को जिला बनाने की पुरानी मांग चली आ रही है। जिला बनने से विकास की राह खुलती है। ऐसे में जिला रहना चाहिए। वस्त्र व्यापार संघ के गिरधारी बंसल ने कहा कि जिला रहने पर नए आयाम खुलेंगे। व्यापार बढेगा तो विकास होगा। ऐसे में जिले को बरकरार रखने के लिए वे हर तरह से साथ देने को तैयार हैं। अग्रवाल शिक्षण संस्थान के गिर्राज अग्रवाल ने कहा कि जिला बनने से विकास की संभावना बनी, सरकारी कार्यालय खुले और जमीन आवंटित कर प्लांनिंग शुरू की गई, लेकिन गंगापुर सिटी जिला नहीं बना बल्कि यह प्री-मेच्चोयर डिलीवरी हो गई। पिछली सरकार ने एक साथ बहुत जिले बनने से यह गाज गिरी। एक जिला बनने पर कम से कम एक हजार करोड का वित्तीय भार आता है, हालांकि अब सभी जिला बरकरार रखने को हरसंभव प्रयास करेंगे। फल-सब्जी मंडी अध्यक्ष दीवान खंडूजा ने कहा कि पिछली सरकार ने चुनाव के समय एक साथ जिले बना दिए, जिसके कारण आज यह दिन देखना पड रहा है। जिला रहना चाहिए यह सभी की मंशा है। गोविंद बरनाला ने कहा कि गहलोत सरकार ने हर विधायक को जिला समझ लिया। एक साथ 18 जिले बना दिए, जिसकी गाज हम पर गिरी, लेकिन अब गंगापुर जिला बना रहना चाहिए। प्रधान मंजू गुर्जर ने कहा कि जिला बनने पर सभी को खुशी थी, लेकिन अब निराशा हुई। वर्तमान सरकार ने मजबूरी के कारण कमेटी की सिफारिश पर जिला निरस्त कर दिया। एक साथ इतने जिला बनाना, इन्हें चलाना संभव नहीं है। सरकार का निर्णय सर्वमान्य है।

## अन्नकूट महोत्सव का आयोजन

**भुसावर/भरतपुर,** (निसं)। ब्रज क्षेत्र में अन्नकुट महोत्सव का आयोजन कार्तिक मास में गोवर्धन पूजा से शुभारंभ होता है। जहां श्रद्धालु, भक्त प्रेमी, भक्त मंडल श्रद्धा के अनुसार जन सहयोग से करते हैं ऐसा ही आयोजन आज शुक्रवार 3 जनवरी को अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार नव वर्ष 2025 के उपलक्ष में कस्बे के हिंडौन सड़क मार्ग स्थित जन-जन की आस्था के प्रतीक प्राचीन शीतला सेढ माता मंदिर पर किया गया। शीतला सेढ माता के भगत गोविंदा प्रजापत ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार 3 जनवरी को शीतला माता मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव प्रसादी का आयोजन भक्त मंडल और जन सहयोग से किया गया। जहां सर्वप्रथम शीतला माता मंदिर के प्रांगण को सजाते हुए शीतला माता का मनमोहक आलोलिक श्रृंगार करते हुए किया गया। तत्पश्चात चेतराम पाण्डेय द्वारा विश्व शांति एवं मानव कल्याण की भावना को लेकर हवन यज्ञ में श्रद्धालुओं द्वारा आहुतियां प्रदान करवाई गई और शीतला माता की आरती के बाद सेढ माता को भोग लगाकर कन्या पूजन कर अन्नकूट प्रसादी कड़ी, बाजरा, सब्जी, गुड़, बर्फी कन्याओं को ग्रहण करवाई गई। इसके बाद भुसावर कस्बे सहित ग्रामीण अंचल के लोगो ने पहुंच कर अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की।

# गंगापुर सिटी में कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। श्री राम कथा समिति की ओर से शुक्रवार को शहर के हृदय स्थल उदेई मोड नई अनाज मंडी स्थित हनुमान जी मंदिर से बैंड बाजा के साथ 1508 कलशो की यात्रा उदेई मोड किरण पैलेस तक निकाली गई। वहीं भव्य कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा का शुभारंभ हो गया। श्री राम कथा समिति के सदस्य और पदाधिकारी शुक्रवार को नई अनाज मंडी के हनुमान जी मंदिर पर एकत्रित हुए। यहां पर भगवान श्री हनुमान जी के साथ-साथ सभी देवी देवताओं और प्रधान कलशो की विधिवत मंत्रोचार के साथ में पूजा

■ **किरण पैलेस में किया जा रहा है रामकथा का आयोजन**

अर्चना की गई। यहां पर काशी बनारस से आई आचार्य आराधना देवी के सानिध्य में विद्वान पंडितों के द्वारा विधिवत मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना संपन्न करवाई गई। इसके बाद में बैंड बाजा के साथ कलश यात्रा शुरू हुई।

कलश यात्रा में सबसे आगे मुख्य यजमान मनसुख निवार अपने सिर पर श्री राम कथा रखे हुए और उनके पीछे 1508 कलश लिए महिलाएं मंगल गीत और भजन गाती हुई चल रहीं थीं। यात्रा में पीछे कथा वाचक काशी से आई आराधना देवी रथ में सवार थी। कलश



गंगापुर सिटी में कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

यात्रा नई अनाज मंडी हनुमान जी मंदिर से उदेई मोड से कथा स्थल तक किरण पैलेस तक पहुंची। यहां पर विद्वान पंडितों के द्वारा मुख्य यजमान से एक बार फिर रामयण पोथी की विधिवत पूजा अर्चना संपन्न करवाई गई। इससे पूर्व हनुमान मंदिर पर मुख्य यजमान मनसुख गर्ग छोटी उदेई व समिति पदाधिकारीयों ने विद्वान पंडितो द्वारा वेद मंत्रो के साथ 108 प्रधान कलश व 1400 कलशौ का पूजन संपन्न कराया। कलश यात्रा का मार्ग में अग्रवाल समाज, युवा अग्रवाल संगठन, ब्राह्मण समाज गंगापुर सिटी, राधा कृष्ण मानस मंडल, श्री श्याम परिवार, श्री श्याम मंदिर कमेटी सहित विभिन्न संगठनों की ओर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा में सभापति शिवरतन अग्रवाल, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, अग्रवाल समाज से घनश्याम बजाज, महेंद्र गर्ग के अलावा संयोजक दुर्लभ ठेकेदार, मदन मोहन गोठरा, ओमप्रकाश धर्मकांटा, सुरेशचन्द गुप्ता कोचिंग, गोविंद प्रसाद, सोमव्रत, दीपक सलेमपुर, राजेंद्र गैरई, अशोक रोधई, नरसी आर्य, संजय ठिकरिया, मनीष तिरपाल, गोविंद टोकसी, अरविंद तमौलीपुरा, हरिओम भगत, लाला कपडा, विष्णु अग्रसेन, लक्ष्मण गुप्ता, सुरेंद्र मित्तल, विष्णु एललाईसी, गौरव पार्षद, सी.एल. सैनी, राजकुमार गोयंका, हेमंत शर्मा, कौशल बोहरा, महेश आरेडिया, अरविंद पत्रकार, गोविंद प्रसाद बरनाला, अनिल सहित कलश यात्रा में कई जनप्रतिनिधि और हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

सार-समाचार

## मंत्री बेढम का किया सम्मान



**भरतपुर,** (निसं)। केवलादेव राष्ट्रीय पक्षी उद्यान में नेचर गाइड की अनिवार्यता लागू होने पर केवलादेव नेशनल पार्क नेचुरल सोसाइटी में आई खुशी की लहर। यह संशोधन नेचर गाइडों की मांगों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। निश्चित ही इससे पर्यटकों को पूर्ण जानकारी मिलेगी साथ ही शहर के गाइडों को रोजगार में बढ़ोतरी होगी। खुशी के इस माहौल में केवलादेव नेशनल पार्क नेचुरल सोसाइटी के अध्यक्ष सत्तो सिंह गुर्जर, सचिव राजीव जैन, पूर्व प्रकृतिविद् उदयभान सिंह खटाना, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर, प्रकृतिप्रेमी नगर निगम पार्षद दीपक मुदगल एवम अन्य प्रकृतिविदों ने गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम का साफा एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत कर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर एवम पार्षद दीपक मुदगल ने कहा कि गाइडों की मांगों को घना प्रशासन ने राज्य सरकार तक प्रस्तावित करने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। जिसके कारण राज्य सरकार ने संशोधन कर गाइडों की मांगों को माना। पार्षद मुदगल एवम समस्त गाइडों ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पर्यटन मंत्री संजय शर्मा एवं गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## पानी की नई टंकियों का निर्माण होगा

**भरतपुर,** (निसं)। अमृत योजना 2 के अंतर्गत करीब 122 करोड की लागत से पानी की नई टंकियों का निर्माण होगा। पानी की नई टंकिया बनने से शहर के लोगों को बेहतर क्वालिटी का पानी और उचित मात्रा में पानी की सप्लाई का लाभ मिलेगा। वर्षों पहले पानी की सप्लाई के लिए बिछाई गई पाइप लाइन क्षितग्रस्त हो गईं हैं। कई कॉलोनियों और मौहल्लों में लगी टंकियां भी जर्जर हैं। इससे गंगे बदबूदार पानी की सप्लाई हो रही है। जलदाय विभाग के कंट्रोल रूम में रोजाना शिकायत आ रही है। इसी समस्या के समाधान के लिए जलदाय विभाग ने अब अमृत योजना 2 के तहत भरतपुर शहर समेत नदबई, उच्चैन, बयाना, रूपवास और भुसावर में क्षितग्रस्त राइजिंग और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बदली जाएंगी। नए टयूबबैल लगेंगे और नए कनेक्शन जारी किए जांऐंगे। सरकार की ओर से इस कार्य के लिए 122 करोड रूपये मंजूर किए गए हैं। जिसमें से 94 करोड 2 लाख रूपये भरतपुर शहर में खर्च होंगे। इस बारे में जलदाय विभाग के एक्सईएन केशवदेव पाण्डेय ने बताया कि जल्द ही टैंडर जारी कर कार्य शुरू कराया जाएगा। रूपवास के गंगा मंदिर परिसर में टंकी बनेगी और पंप हाउस का भी निर्माण होगा। इसी प्रकार नइबई में चार टंकिया और दो पंप हाउस बनेंगे। भुसावर में राइजिंग पाइप लाइन बिछेगी और नए ट्ययूबबैल बनाए जाएंगे। बयाना में क्षितग्रास्त लाइन बदली जाएगी और ट्ययूबबैल बनेगा। उच्चैन में चार पानी की टंकिया बनेंगी। भरतपुर शहर में दस नई टंकियों का निर्माण होगा। जिसमें जवाहर नगर व गांधी नगर पार्क की जर्जर टंकियों के स्थान पर नई टंकियों का निर्माण कराया जाएगा। वहीं 22 हजार नए कनेक्शन कराए जांएंगे। जिससे शहर के लोगों का अच्छी सप्लाई का लाभ मिलेगा।

## बाल संरक्षण मुद्दों को लेकर बैठक

**करौली,** (निसं)। जिला प्रशासन, बाल अधिकारिता विभाग, नेहरू युवा केंद्र एवं एक्शनएड यूनिसेफ करौली द्वारा बाल संरक्षण मुद्दों को लेकर सामुदायिक बैठकों का आयोजन किया गया। एक्शनएड यूनिसेफ जिला समिति दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि जिलें में बाल मैत्रीपूर्ण वातावरण स्थापित करने के लिए समुदाय के लोगों को बाल अधिकारों के प्रति जागरुक कर बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल हिंसा, बाल शोषण, भिक्षावृत्ति की रोकथाम सहित बाल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए बच्चों को शिक्षा से जोड़ने एवं सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं व उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। जिला समन्वयक ने कहा कि बालक देश का भविष्य व राष्ट्र की धरोहर है। आज का बालक आने वाले कल का नागरिक होकर राष्ट्र का निर्माता होगा। यही कारण है कि बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए भारत के संविधान व कानूनों में उन्हें कई महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान किए गए हैं और उनके हितों को संरक्षण प्रदान किए गए हैं साथ ही उन्होंने बच्चों के अपराध के सामाजिक व आर्थिक कारण बताये तथा उन कारणो से स्वयं को कैसे दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सामाजिक शैक्षिक एवं आर्थिक उन्नित में समाज की समृद्धि निहित है। बच्चों के प्रारम्भिक वर्ष उनके जीवन के लिए महत्वपूर्ण होते है 0 से 6 वर्ष तक आते-आते बच्चों में ज्ञानात्माक, मनौवैज्ञानिक भावनाओं की जडें मजबूत होती है। भारतीय संविधान द्वारा 06 से 14 वर्ष के बालकों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता बनाये रखने हेतु प्रेरित किया।

## नववर्ष मिलन समारोह मनाया

**गंगापुर सिटी,** (निस)। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महिला महासम्मेलन की तहसील इकाई द्वारा गुरुवार को पार्थ रिसॉर्ट में नव वर्ष मिलन समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम भगवान के समक्ष दीप प्रज्वलन कर नव वर्ष की शुरूआत व सभी की मंगल कामनाओं के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम संयोजक सीता गर्ग, मिथिलेश, सरिता गुप्ता रही। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिता, लकी ड्रॉ, डान्स प्रश्नोतरी सहित अन्य रोमांचकारी कार्यक्रम रखे। सभी महिलाओं ने एक दूसरे को नए साल की बधाई दी और कार्यक्रम का आनंद लिया। सामाजिक संगठनों द्वारा समय समय पर समाज के उत्थान के लिए कार्य किए जाते हैं। इसी संदर्भ में सभी ने 2025 में अच्छे से अच्छा कार्य करने का निश्चय किया।

## सार्वजनिक अवकाश की घोषणा

**करौली,** (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने एक आदेश जारी कर बताया है कि करौली जिले में कलैण्डर वर्ष 2025 के दौरान मकर संक्रांति 14 जनवरी मंगलवार व करवा चैथ 10 अक्टूबर शुक्रवार को दो सार्वजनिक अवकाश घोषित कि गई है। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है।

## शिविर 8 व 15 जनवरी को

**करौली,** (निसं) आयुक्त नगरपरिषद करौली करणी सिंह ने बताया है कि 8 जनवरी व 15 जनवरी को प्रात: 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक आमजन कि नगरपरिषद से संबंधित समस्याओं के निस्तारण हेतु शिविर का आयोजन नगरपरिषद कार्यालय में रखा गया है जिसमें नगरपरिषद करौली से संबंधित समस्याओं का निस्तारण हेतु जिला कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई कि जावेगी। नगरपरिषद आयुक्त ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को समय पर उपस्थित होने के निर्देश भी दिये।

**कार्यालय सदस्य सचिव एवं चिकित्सा अधिकारी प्रभारी राजस्थान मेडीकेयर रिलीफ सोसायटी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कैलादेवी ( जिला-करौली )**

क्रमांक: लेखा/2024/07 दिनांक:02.01.2025

**नीलामी सूचना**

समस्त पंजीकृत/टिन नं./जीएसटी नं. आवंटित वेस्ट सामान लेने वालों को सूचित किया जाता है कि संस्था में लोह, प्लास्टिक लकडी आदि के बेस्ट सामान की नीलामी दिनांक 08.01.2024 को खुली बोली द्वारा की जाती है। अमानत राशि उसी दिन प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक राशि 700/- रूपये का चालान के जरिये नगद/डी.डी. द्वारा जमा करवाकर खुली बोली में भाग ले सकते है। डी.डी.आर.एम.आर.एस कैलादेवी के नाम से देय होगा। शेष शर्तें कार्यालय समय में देखी एवं पढी जा सकती है।

सचिव
मेडिकल रिलीफ सोसायटी
कैलादेवी, जिला-करौली

# खेल जगत



ये रोहित के लिए भावुक फैसला था क्योंकि वह लंबे समय तक टीम के कप्तान रहे हैं। हम उन्हें एक लीडर के तौर पर देखते हैं। इस बयान से पंत साफ करने की कोशिस की टीम में कोई रोहित के खिलाफ नहीं है। – ऋषभ पंत

भारतीय खिलाड़ी, रोहित शर्मा के बारे में बोलते हुए।

**आज का खिलाड़ी**

## रोहित शर्मा



भारत के पूर्व क्रिकेटरों सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री का मानना है कि बॉक्सिंग डे टेस्ट शायद रोहित शर्मा का आखिरी टेस्ट था जिन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और आखिरी टेस्ट से खुद को बाहर रखा है। सैतीस वर्ष के रोहित ने पांचवें टेस्ट में खुद को आराम देने का फैसला किया है। रोहित तीन टेस्ट की पांच पारियों में 31 रन ही बना सके।गावस्कर ने पहले दिन के खेल के दौरान लंच ब्रेक में कहा, '' इसके मायने हैं कि अगर भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिये क्वालीफाई नहीं करता है तो मेलबर्न टेस्ट रोहित का आखिरी टेस्ट होगा।''

**क्या आप जानते हैं ?...** फुटबॉल खेल के भारतीय खिलाड़ी जो सबसे प्रसिद्ध हैं उनका नाम है सुनील छेत्री। सुनील छेत्री इंटरनेशनल फुटबॉल में भी एक्टिव फुटबॉल गोल स्कोरर में दूसरे नंबर पर है। उन्होंने 72 गोल किए हैं।

# भारत पहली पारी में 185 रन पर ढेर

## ऑस्ट्रेलिया का भी एक विकेट गिरा



सिडनी, 3 जनवरी। बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के पांचवें टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को स्कॉट बोलैंड (चार विकेट), मिचेल स्टार्क (तीन विकेट) तथा पैट कमिंस (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पहली पारी में 185 रनों पर ढ़ेर करने के बाद दिन का खेल समाप्त होने के समय एक विकेट पर नौ रन बना लिये है।

भारत के 185 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने दिन का खेल समाप्त होने के समय तीन ओवर में नौ रन पर एक विकेट गवां दिया। तीसरे ओवर में जसप्रीत बुमराह ने उस्मान ख़्वाजा (दो) रन पर आउट कर भारत का पहली सफलता दिलाई। स्टंप के समय सैम कॉन्स्टास (नाबाद सात) क्रीज पर थे।

इससे पहले आज यहां भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 11 के स्कोर पर केएल राहुल (चार) का विकेट गवां दिये। उन्हें मिचेल स्टार्क ने कॉन्स्टास के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बोलैंड ने यशस्वी जयसवाल (10) को आउट कर भारत को दूसरा झटका दिया। शुभमन गिल (20) रन बनाकर आउट हुये।

भारत का चौथा विकेट विराट कोहली (17) के रूप में गिरा। हालांकि इसके बाद ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा ने भारत की लडखडाती पारी को संभाला। भारत ने चायकाल तक चार विकेट पर 107 रन बना लिये थे। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के बीच 48 रन की साझेदारी हुई है। यह भारतीय टीम की सबसे बड़ी साझेदारी थी।

चायकाल के भारतीय टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। पांचवां विकेट के रूप में ऋषभ पंत आउट हुये। उन्होंने 98 गेंदों में तीन चौके और छक्का लगाते हुए (40) रनों की पारी खेली। उन्हें बोलैंड ने आउट किया। रवींद्र जाडेजा (26), नीतीश कुमार रेड्डी (शून्य), वॉशिंगटन सुंदर (14) और प्रसिद्ध कृष्णा (तीन) रन बनाकर आउट हुये। कप्तान जसप्रीत बुमराह ने 17 गेंदों में (22) रनों की पारी खेली। मोहम्मद सिराज तीन रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय पारी 72.2 ओवर में 185 के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए स्कॉट बोलैंड ने चार विकेट तथा मिचेल स्टार्क ने तीन, पैट कमिंस ने दो और नेथन ने एक-एक विकेट लिया।

## स्कॉट बोलैंड ने तोड़ा 50 साल पुराना रिकॉर्ड, 50 विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज गेंदबाज बने

सिडनी, 3 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने शुक्रवार को भारत के खिलाफ सिडनी में खेले जा रहे मुकाबले में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 50 विकेट पूरे किए। बोलैंड 35 वर्ष 267 दिन की उम्र में खेल के सबसे लंबे प्रारुप में 50 विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के बेवन कांग्डन का रिकार्ड तोड़ा है जिन्होंने 37 वर्ष 10 दिन की उम्र में फरवरी 1975 में ये उपलब्धि अपने नाम की थी। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे पांचवें मुकाबले के दौरान स्कॉट बोलैंड ने शानदार गेंदबाजी की। पहले दिन उन्होंने 20 ओवर में 31 रन देकर चार विकेट अपने नाम किए। इस दौरान उन्होंने आठ ओवर मेडन डाले। उन्होंने खतरनाक यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली और नितीश कुमार रेड्डी के विकेट चटकाए। जोश हेजलवुड की जगह खेलने वाले बोलैंड ने दमदार प्रदर्शन करके दिखाया है। उन्होंने तीन मैच खेलते हुए 15 विकेट अपने नाम किए। वहीं जोश हेजलवुड सिर्फ दो मैच ही खेल सके हैं और चोट के कारण बाहर हो गए थे। बोलैंड सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले पांचवें गेंदबाज हैं। स्कॉट ने विराट कोहली को सीरीज में तीन बार अपना शिकार बनाया है।

## जिम्बाब्वे ने अफगानिस्तान पर 86 रन की बढ़त बनाई

बुलावायो, 3 जनवरी। सिकंदर रजा (61), कप्तान क्रेग एर्विन (75) की अर्धशतकीय और शॉन विलियम्स (49) की शानदार पारियों के दम पर जिम्बाब्वे ने शुक्रवार को दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन 243 को स्कोर खड़ा कर अफगानिस्तान पर पहली पारी के आधार पर 86 रनों की बढ़त बना ली है।

# एक बार फिर फेल हुए कोहली



सिडनी, 3 जनवरी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5वां टेस्ट मैच खेला जा रहा है। सिडनी टेस्ट के पहले दिन भारत का टॉप ऑर्डर एक बार फिर फेल हुआ। विराट कोहली का बल्ला एक बार फिर नहीं चला। वह 69 गेंद पर 17 रन बनाकर आउट हो गए। स्कॉट बोलैंड ने उन्हें चौथी बार आउट किया। 123 मैच के करियर में कोहली पहली बारी इतनी गेंद खेलने के बाद बगैर बाउंड्री लगाए आउट हुए हैं।

भारतीय टीम को पहला झटका 5वें ओवर में लगा। उस दौरान केएल राहुल 4 रन बनाकर मिचेल स्टार की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद 8वें ओवर की चौथी गेंद पर यशस्वी जायसवाल आउट हुए। स्कॉट बोलैंड ने अगली ही गेंद पर विराट कोहली को लगभग आउट कर दिया था। बल्ले का किनारा लेकर गेंद स्लिप में गई। स्टीव स्मिथ ने डाइव लगाई और गेंद पर उछाला। मार्नस लाबुशेन ने कैच किया। थर्ड अंपायर को लगा कि स्मिथ ने जब गेंद ऊपर थ्रो किया तो वह जमीन में लग गई थी।

इसके बाद विराट कोहली संभलकर खेले। लंच तक वह टिके रहे। पहले सेशन की आखिरी गेंद पर शुभमन गिल ने अपना विकेट फेंक दिया। उन्होंने 64 गेंद में 20 रन बनाए। नाथन लियोन को विकेट मिला। लंच के बाद विराट कोहली आउट हो गए। एक बार फिर गेंद ने उनके बल्ले का किनारा लिया और स्लिप में ब्यू वेबस्टर ने कैच लपका। कोहली एक बार फिर भारत को पारी के करियर में कोहली पहली बार इतनी गेंदों का सामना करने के बाद बाउंड्री नहीं लगा पाए।

स्कॉट बोलैंड के सामने विराट कोहली संघर्ष करते दिखे हैं। उन्होंने 6 पारी में 98 गेंद पर 32 रन बनाए हैं। 4 बार आउट हुए हैं। हर बार वह स्लिप या विकेटकीपर को कैच थमा बैठते हैं।

## सिडनी टेस्ट में चोटिल होने के बावजूद पंत ने तोड़ा सचिन का रिकॉर्ड

सिडनी, 3 जनवरी। टीम इंडिया सिडनी टेस्ट की पहली पारी में 185 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। इस दौरान विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 40 रनों की अहम पारी खेली। पंत इस पारी में गंभीर रूप से चोटिल हो गए। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। पंत ने इस मुकाबले में छक्कों का एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्होंने सचिन तेंदुलकर समेत कई दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़ दिया है।पंत ने भारत की पहली पारी के दौरान नंबर पांच पर उतरकर बल्लेबाजी की।

उन्होंने इस दौरान 98 गेंदों का सामना करते हुए 40 रन बनाए। पंत की इस पारी में 3 चौके और 1 छक्का शामिल है। उन्हें बोलैंड ने आउट किया। पंत इस पारी के दौरान चोटिल हो गए। उनके हाथ पर गेंद लगई जहां खून का थक्का जम गया। लेकिन पंत ने इसका करारा जवाब दिया वे भारत के लिए अहम पारी खेलने के बाद ही आउट हो गए। ऋषभ पंत ने ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा टेस्ट छक्के लगाने के मामले में रोहित शर्मा को पछाड़ दिया है। पंत ने कुल 11 छक्के लगाए हैं जबकि रोहित ने 10 छक्के जड़े हैं। इस मामले में नीतीश कुमार रेड्डी तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 8 छक्के लगाए हैं।



## सिडनी की पिच पर हो रही धीमी बल्लेबाजी : पंत

सिडनी, 3 जनवरी। सिडनी में भारत ऑस्ट्रेलिया के बीच पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वहीं सिडनी टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद टीम इंडिया के विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा कि, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के पहले दिन संयम के साथ बल्लेबाजी की क्योंकि, सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की पिच ऐसी नहीं है कि अपना स्वभाविक आक्रामक खेल खेलें। मेलबर्न में पिछले टेस्ट के दौरान लापरवाही भरे शॉट खेलकर आउट होने के कारण आलोचना झेलने वाले पंत ने शुक्रवार को सिडनी में 98 गेंद पर 40 रन बनाए।

**राजधानी**

# जीरो पेंडेन्सी के साथ राजस्थान विधानसभा को देश की आदर्श विधानसभा बनाये : देवनानी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि विधानसभा आमजन की समस्या के समाधान का सशक्त प्लेटफार्म है। विधायकों द्वारा जन समस्याओं के संबंध में उठाये गये मुद्दों के निराकरण विधानसभा के पवित्र सदन में होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के अधिकारी समस्याओं के निराकरण करने में सहयोगी बने और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। देवनानी का मानना था कि मिशन के रूप में कार्य करने से ही राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों का परिणाम धरातल पर दिखाई दे सकेगा। देवनानी ने कहा कि विधानसभा से संबंधित प्रश्नों के जवाब के मामले में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं, लेकिन अभी और अधिक बेहतर किये जाने की आवश्यकता है। देवनानी शुक्रवार को यहां विधानसभा में लम्बित प्रश्नों, ध्यानाकर्षण प्रस्तावों, विशेष उल्लेख प्रस्तावों, आश्वासनों एवं याचिकाओं के संबंध में राज्य सरकार के मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

देवनानी ने कहा कि प्रश्नों के जवाब लम्बे समय तक विधानसभा को प्राप्त नहीं होना चिन्ता का विषय है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि विधानसभा के प्रश्नों के जवाब समय सीमा में भेजा जाना सुनिश्चित करें। यह महत्वपूर्ण कार्य है। सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के तीसरे सत्र से पहले 20 जनवरी तक सभी प्रश्नों के जवाब विधानसभा को आवश्यक रूप से भेजे। देवनानी ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्वायत्त शासन विभाग, शिक्षा विभाग, ऊर्जा विभाग, नगरीय विकास विभाग और गृह विभाग का नाम प्रमुखता से लेकर कहा कि इन विभागों में विधानसभा के प्रकरण अधिक संख्या में लम्बित है।



**विधानसभा के लम्बित प्रश्नों पर अध्यक्ष देवनानी ने राज्य सरकार के मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित वरिष्ठ अधिकारियों की विधानसभा में उच्च स्तरीय बैठक बुलाई।**

- 'व्यावहारिक कठिनाई बताएं और सदन चले तब अधिकारी बैठे दीर्घा में और परिणामदायक कार्य करें'
- 20 जनवरी तक सभी लम्बित प्रश्नों, ध्यानाकर्षण और विशेष उल्लेख के प्रस्तावों के जवाब आवश्यक रूप से भेजे जाने के निर्देश दिये देवनानी ने

देवनानी ने कहा कि इन विभागों को प्राथमिकता से गम्भीर होकर विधानसभा के मामलों का निस्तारण समय सीमा में करना होगा। देवनानी अधिक प्रश्नों के बकाया जवाबों वाले विभागों के अधिकारियों से रूबरू हुए और उनसे प्रश्नों के जवाब नहीं आने के कारणों की जानकारी ली। देवनानी ने कहा की विधानसभा की समितियों की कार्यवाही को भी प्रशासनिक अधिकारी गंभीरता से लें ताकि ऑडिट पैराओ पर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध समय पर कार्रवाई हो सके। देवनानी ने कहा कि अधिकारी विधानसभा से संबंधित मामलों में इस तरह की मॉनिटरिंग करें की लम्बित प्रश्नों के मामले में उन्हें भविष्य में अन्य बैठक बुलाने की आवश्यकता ही ना हो। जनहित के मामलों का निस्तारण विधानसभा में समय सीमा में कराया जाना सशक्त लोकतंत्र के लिये आवश्यक है।

देवनानी ने कहा कि विधानसभा से संबंधित प्रश्नों के मामले में विभाग के अधिकारियों के साथ कैम्प लगाकर युद्ध स्तर पर कार्य निस्तारण की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि यह गभीर मामले हैं, इन्हें समय से निर्णित किया जाना आवश्यक है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यदि इन मामलों में कोई समस्या है तो बताये और उसके साथ ही समस्या के निराकरण के मार्ग भी सुझाये, ताकि परिणामदायक कार्य हो सके। देवनानी ने कहा कि अधिकारी विधानसभा के प्रति संवेदनशील बने। सदन में 200 विधायकगण बैठते हैं। राज्य सरकार भी यहां राज्य कार्यों को सम्पादित करती है। उन्होंने कहा कि अधिकारी विधानसभा को गम्भीरता से ले। अधिनस्थ अधिकारियों की कार्य व्यवस्था को प्रभावी बनाये और परिणाम देने वाला परिश्रम करें।

देवनानी ने कहा कि विधानसभा में राज्य के निगमों, बोर्ड आदि के प्रतिवेदन समय पर नहीं आते हैं। यह ठीक नहीं है। इसे गम्भीरता से ले और जिम्मेदारी तय करें। देवनानी ने अधिकारियों से पूछा कि प्रश्नों के जवाब भेजने में क्या कठिनाई है? क्यों प्रश्नों के जवाब लम्बित रहते है। किस स्तर पर विधानसभा के कार्यों को गम्भीरता से नहीं लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे पीडा है कि प्रश्नों के जवाब निर्धारित समय सीमा में नहीं आ रहे है। देवनानी ने कहा कि प्रत्येक विभाग में विधानसभा प्रकोष्ठ संचालित होने के बावजूद भी प्रश्नों के जवाब नहीं आना दु:खद है।

देवनानी ने कहा कि राज्य सरकार और विधानसभा के कार्यों का उद्देश्य एक ही है। विधायकों द्वारा पूछे जा रहे प्रश्नों के जवाब तय समय सीमा में आये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और विधानसभा के अधिकारीगण प्रश्नों के जवाब में आ रही कठिनाइयों को मिलकर दूर करें और समय पर प्रश्नों के जवाब भेजे जाना सुनिश्चित करें। बैठक में सोलहवीं वे पन्द्रहवीं राजस्थान विधानसभा के लम्बित प्रकरणों की 3 जनवरी तक की वस्तु स्थिति का विभागवार प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण और राजस्थान विधानसभा के विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा और विशिष्ट सहायक के. के.शर्मा मौजूद थे।



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार देर रात को जयपुर शहर में जरूरतमंद एवं निराश्रितों के लिए अल्बर्ट हॉल के नजदीक संचालित रैन बसेरे में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जयपुर शहर में संचालित समस्त रैन बसेरों में विश्राम करने एवं शयन की आवश्यकता से रूकने वाले जरूरतमंदों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने रैन बसेरों में साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखने एवं एंट्री रजिस्टर को अच्छे से मेंटेन करने के निर्देश दिए। शर्मा ने जेएलएन मार्ग पर सड़क किनारे रह रहे निराश्रित लोगों एवं दिव्यांगजन को सर्दी से बचाव के लिए कंबलों का वितरण किया। उन्होंने सभी से आत्मीयता से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम भी पूछी और राज्य सरकार द्वारा हर संभव सहयोग देने के लिए उन्हें आश्वस्त भी किया। इस अवसर पर नगर निगम ग्रेटर उप महापौर पुनीत कर्णावट सहित अधिकारी मौजूद रहे।**

# रीको ने प्रत्यक्ष भूखण्ड आवंटन योजना मंजूर की

**जयपुर।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 के दौरान राज्य सरकार के साथ एमओयू करने वाले उद्यमियों को सुगमता से उद्योग स्थापित करने के लिये भूमि आवंटन हेतु रीको प्रबंधन द्वारा ''प्रत्यक्ष भूखण्ड आवंटन योजना'' स्वीकृत कर दी गई है। इस योजना में जिन उद्यमियों ने राइजिंग राजस्थान के दौरान एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं उनकी पात्रता को देखते हुये औद्योगिक भूखण्ड आवंटित किए जाएंगे। रीको द्वारा भूखण्ड आवंटित करने के लिए ऑनलाइन पॉर्टल विकसित किया गया है जिस पर उद्यमी ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

ज्ञातव्य है कि राज्य सरकार द्वारा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट- 2024 का आयोजन जयपुर में 9 से 11 दिसंबर को किया गया था जिसका उद्घाटन 9 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। इस विश्वस्तरीय आयोजन में देश-विदेश के निवेशकों एवं विभिन्न उद्यमियों ने भाग लिया एवं इस कड़ी में रिकार्ड एमओयू हस्ताक्षरित हुए। इन एमओयू को धरातल पर लाने, निवेश आकर्षित करने एवं उद्यमियों को सुविधाएं देने हेतु राज्य सरकार ने एक नीतिगत ढांचा (पॉलिसी फ्रेमवर्क) तैयार विभिन्न नीतियां जारी की, यथा राजस्थान एमएसएमई पॉलिसी-2024, राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी-2024 एवं राजस्थान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट पॉलिसी-2024 इत्यादि। रीको ने भी राज्य मे औद्योगिकीकरण को बढावा एवं राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 के दौरान निष्पादित हुए एमओयू को निवेश में परिवर्तित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है जिसके अन्तर्गत रीको द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में औद्योगिक इकाई स्थापित करने के लिए प्रत्यक्ष भूखण्ड आवंटन योजना तैयार स्वीकृत की गई है।

एमओयू निष्पादित कर चुके उद्यमी रीको के चिन्हित औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्ड की निर्धारित आरक्षित दर पर विभिन्न क्षेत्रफल के अधिकतम तीन भूखण्डों (वरीयता क्रम में) के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं ईएमडी के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस हेतु उद्यमी अपनी रूचि अनुसार एक ही औद्योगिक क्षेत्र अथवा वरीयता क्रम में विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में अधिकतम तीन भूखण्डों के लिए विकल्प दे सकता है। समस्त आवेदनों का मूल्यांकन उनके द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट रिपोर्ट में वर्णित प्रस्तावित स्थायी पूंजी निवेश, प्रदान किये जाने वाले रोजगार, उत्पादन समय सीमा, उद्योग संचालन का अनुभव, निर्यातोन्मुखी इकाई, वर्तमान इकाई के विस्तार हेतु भूमि की आवश्यकता एवं टर्नओवर आदि कारकों के आधार पर किया जाएगा। उक्त किये जाने वाले मूल्यांकन के आधार पर अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले आवेदक को प्रथम वरीयता क्रम में एक ही भूखण्ड का आवंटन होगा। एमओयू करने वाले उद्यमी/ग्रुप को एक ही भूखण्ड का आवंटन किया जाएगा।

किसी भूखण्ड पर एक से अधिक आवेदकों द्वारा अधिकतम अंक समान होने की स्थिति में अधिकतम निवेश का प्रस्ताव देने वाले आवेदक को ऐसे चिन्हित भूखण्ड का आवंटन किया जाएगा। अगर किसी भूखण्ड पर प्रथम वरीयता के आवेदन प्राप्त नहीं होते हैं तब क्रमश: द्वितीय एवं तृतीय वरीयता वाले आवेदनों पर विचार किया जाएगा।

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 के तहत चिन्हित उपखंड अथवा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित औद्योगिक क्षेत्र की प्रचलित दर पर रीको द्वारा स्थापित नवीन औद्योगिक क्षेत्रों में ऑनलाइन ई-लॉटरी के माध्यम से 50 प्रतिशत बिक्री योग्य औद्योगिक भूमि (आरक्षित भूखण्डों सहित) में एमएसएमई जिन्होंने एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, उनको औद्योगिक भूखण्डों का आवंटन होगा। इसमें भी उनके द्वारा दी गई प्रोजेक्ट रिपोर्ट के आधार पर ही भूखण्ड आवंटन किया जाएगा। प्रमुख शासन सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग एवं रीको के चेयरमैन अजिताभ शर्मा ने बताया कि लंबे समय से उद्यमियों की मांग थी कि रीको को सिर्फ ई-नीलामी के स्थान पर प्रत्यक्ष आवंटन भी किये जाने चाहिये ताकि उचित कीमत पर भूमि उपलब्ध हो सके। राजस्थान सरकार ने भी इस पर सकारात्मक रूख दिखाते हुए इस संबंध में दिशानिर्देश दिए।

# सहारा क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी के मंडल प्रमुख गिरफ्तारी वारंट से तलब

**जयपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग, द्वितीय ने आदेश का पालन नहीं करने पर सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी के मंडल प्रमुख अब्दुल कामरान, रितिका जैन व आदित्य बनर्जी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। आयोग ने जयपुर पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिए हैं कि वे गिरफ्तारी वारंट की तामील करवा कर 9 जनवरी तक आयोग को सूचित करें। आयोग के अध्यक्ष ग्यारसीलाल मीना और सदस्य हेमलता अग्रवाल ने यह आदेश दिनेश कुमार व चांद देवी के अवमानना प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए। आयोग ने कहा कि सहारा मंडल प्रमुख के खिलाफ कई बार गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुके हैं, लेकिन उनकी तामील अभी तक नहीं हुई है। ऐसे में आगामी तारीख से पहले वारंट की तामील करवाई जाए।

अवमानना प्रार्थना पत्र में कहा कि आयोग ने प्रार्थी के पक्ष में 19 जुलाई 2022 को आदेश दिया था। जिसकी पालना में सोसायटी को जमा राशि और आयोग की ओर से लगाया गया हर्जाना तय मियाद में प्रार्थी को देना था, लेकिन विपक्षी सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी ने आदेश की पालना नहीं की है। ऐसे में सोसायटी के दोषी अधिकारियों को अवमानना के लिए दंडित किया जाए और प्रार्थी को हर्जाना राशि सहित समस्त बकाया भुगतान दिलाया जाए।

इस पर सुनवाई करते हुए आयोग ने सोसायटी के तीनों आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं।

# 'कांग्रेस ने पांच साल में जनता का कोई भला नहीं किया'

**जयपुर।** धोद से भाजपा विधायक गोरधन वर्मा ने कहा कि भाजपा की सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में गरीबों को योजनाओं का लाभ देकर उनका भला कर रही है। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल के आखिरी साल में इन्वेस्टमेंट समिट की जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल जी ने सरकार के पहले साल में ही राइजिंग राजस्थान समिट का आयोजन किया। इससे बड़े स्तर पर प्रदेश में निवेश आएगा और युवाओं को रोजगार मिलेगा। विधायक गोरधन वर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने चुनावी फायदा लेने के लिए नए जिले और संभाग बनाए। इनके लिए पर्याप्त बजट भी नहीं दिया। उन्होंने कहा कि कमेटी और विशेषज्ञों की राय के आधार पर ही नए जिले एवं संभागों पर सही फैसला लिया गया है। अब कांग्रेस पार्टी और उसके नेता बौखलाहट में अमर्यादित बयानबाजी कर रहे हैं। पांच वर्ष की कांग्रेस सरकार में अशोक गहलोत अपनी कुर्सी बचाने में लगे हुए थे।

# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय युवा खेल के लिये दावेदारी की

## भजनलाल ने राज्य की प्रतिभा निखारने के लिये उत्कृष्टता केन्द्र व सैन्टर ऑफ एक्सलैंस के लिये भी आग्रह किया

**■ केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में बहुत खेल प्रतिभायें है। राष्ट्रीय युवा खेल की मेज़बानी से युवाओं को अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।**

जयपुर, 3 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्ष 2026 में "खेलो इण्डिया" राष्ट्रीय युवा खेलों की मेज़बानी राजस्थान को देने के लिए केन्द्र सरकार से औपचारिक अनुरोध किया है। उन्होंने प्रदेश के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे ले जाने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए राज्य में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र एवं खेलो इण्डिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सलैंस की स्थापना के लिए भी केन्द्र सरकार से आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया को लिखे पत्र में कहा कि खेलो इण्डिया राष्ट्रीय युवा खेल 2026 की मेज़बानी राजस्थान को मिलने से युवाओं को खेल के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इससे स्थानीय खेल संस्कृति, खेलों के बुनियादी ढांचे और प्रदेश के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इस आयोजन की तैयारी के उद्देश्य से खेलों के बुनियादी ढांचे के उन्नयन के लिए 250 करोड़ रूपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत किए जाने का भी आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जयपुर में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र खोलने से स्थानीय एथलीटों को प्रोत्साहन मिलेगा, साथ ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने में भी मदद मिलेगी। खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सलैंस भी आधुनिक खेल प्रशिक्षण सुविधाएं और विशेषज्ञ कोचिंग उपलब्ध कराने में उपयोगी सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने गत दिसम्बर में केन्द्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री से मुलाकात के दौरान भी इस बारे में चर्चा की थी।

# भजनलाल सरकार 2025 में 81 हजार नौकरियाँ देगी

जयपुर, 3 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की युवाओं के प्रति संवेदनशीलता एवं उनके द्वारा तत्परता के साथ लिए जा रहे निर्णय युवाओं के सरकारी नौकरी के सपनों पूरा करने में कारगर सिद्ध हो रहे हैं। प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा पारदर्शिता के साथ भर्ती परीक्षाओं के आयोजन से लेकर समय पर नियुक्तियां प्रदान की जा रही हैं।

उल्लेखनीय है कि नववर्ष की शुरूआत से पहले ही लगभग 81 हजार सरकारी नौकरियों के लिए वर्ष 2025 में होने वाली परीक्षाओं का कलेण्डर जारी किया गया।

**■ पूरे वर्ष का परीक्षा कलैण्डर घोषित, जनवरी में 13,500 नियुक्ति पत्र दिये जायेंगे।**

साथ ही, इसी माह में लगभग 13 हजार 500 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। राज्य सरकार द्वारा कार्यकाल के पहले ही वर्ष में लगभग 47 हजार पदों पर युवाओं को नियुक्तियों की सौगात दी गई है। इसी तरह लगभग 15 हजार पदों के लिए पूर्ण पारदर्शिता के साथ आयोजित की जा चुकी परीक्षाओं के परिणाम भी शीघ्र जारी किए जाएंगे।

# आयकर विभाग को उत्कर्ष में बच्चों की संख्या व फीस का रिकॉर्ड नहीं मिला

## उत्कर्ष कोचिंग के 19 ठिकानों पर आयकर विभाग की डेढ़ दर्जन टीमें दूसरे दिन भी कार्यरत रहीं

**■ सूत्रों के अनुसार, आयकर विभाग की टीमों के फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स ने जोधपुर में उत्कर्ष के मुख्यालय तथा निदेशक निर्मल गहलोत के बंगले से बड़ी मात्रा में डिजिटल सबूत जुटायें।**

जोधपुर, 3 जनवरी (कासं)। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने वाले उत्कर्ष कोचिंग के विभिन्न सैंटरों पर शुक्रवार को दूसरे दिन भी आयकर विभाग द्वारा छापा मारने की कार्रवाई जारी रही। गुरुवार सुबह से चल रही कार्रवाई के तहत, आज जोधपुर के 14 और जयपुर, प्रयागराज और इंदौर के एक-एक ठिकानों पर आयकर सर्वे चल रहा है। अब तक के सर्वे में, टीम को बच्चों की फीस और किस कोर्स में कितने स्टूडेंट हैं, इनका रिकॉर्ड नहीं मिला है। टीम ने डिजिटल सबूत के तौर पर यहां मिले रिकॉर्ड की क्लोनिंग भी की है।

आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा की महानिदेशक रेणू अमिताभ और निदेशक अवधेश कुमार के निर्देशन में, अतिरिक्त निदेशक डॉ. संग्राम रमेश जगदाले के नेतृत्व में विभाग की डेढ़ दर्जन टीमों ने तीन राज्यों में उत्कर्ष कोचिंग के 19 ठिकानों पर गुरुवार को छापे मारे थे।

सूत्रों के मुताबिक, कुछ महीनों पहले फिज़िक्स वाला और उत्कर्ष कोचिंग के बीच हुई 800 करोड़ की डील के बाद यह मामला रडार पर आया था। आयकर विभाग को ऐसी शिकायतें मिलीं कि फिज़िक्स वाला के साथ शेयर डील में उत्कर्ष कोचिंग संचालक ने बड़ा घपला किया है। आठ सौ करोड़ से अधिक की इस डील में बड़े पैमाने पर अघोषित लेन-देन शामिल है।

आयकर विभाग को इस डील की जानकारी मिली तो उसने डॉक्यूमैंट खंगाले। विभाग के हाथ लगे मेन डॉक्यूमैंट से करोड़ों रुपए का घोटाला साफ हो गया। डील में बड़े पैमाने पर कैश में लेन-देन सामने आया है। यह भी सामने आया है कि संचालक की ओर से बड़े पैमाने पर टैक्स की चोरी की गई है। छापेमारी में बड़ी मात्रा में कैश और ज्वैलरी मिली है, जिसकी कीमत का अनुमान लगाया जा रहा है।

आयकर सूत्रों के अनुसार, पहले दिन आयकर विभाग की टीमों के फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स ने कोचिंग समूह के बासनी मंडी के सामने स्थित मुख्यालय और कंपनी के निदेशक निर्मल गहलोत के उम्मेद हैरिटेज स्थित बंगले पर बड़ी मात्रा में जो डिजिटल सबूत जुटाए, उन सभी की क्लोनिंग की गई है। इसके साथ ही बड़ी मात्रा में दस्तावेज भी कब्जे में लिए हैं। आयकर अधिकारियों की प्रारंभिक छानबीन में पता चला है कि समूह ने बड़ी मात्रा में छात्रों से नकद में ली फीस को रिकॉर्ड में नहीं दर्शाया। इतना ही नहीं, समूह के अनगिनत ऑनलाइन और ऑफलाइन क्लासेज-कोर्सेज में कुल कितने छात्र हैं, उनकी संख्या में भी गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है।

कार्रवाई के दूसरे दिन शुक्रवार को, आयकर अधिकारियों ने पहले दिन जुटाए गए डॉक्युमैंट्स और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, जिनमें मोबाइल, लैपटॉप, पैन ड्राइव आदि शामिल हैं, को क्लोन करने के बाद छानबीन शुरू की। इसके साथ ही, निदेशकों के बैंक खाते खंगाले जा रहे हैं। कोचिंग समूह पर छापे की कार्रवाई के तहत, आयकर विभाग की टीमों द्वारा समूह से जुड़े अन्य लोगों और व्यवसायियों पर भी कार्रवाई की जा रही है। इनमें समूह को कम्प्यूटर हार्डवेयर सप्लाई करने वाले हरी एंटरप्राइजेज़, प्रिंटिंग का काम करने वाले जैन समूह, कोचिंग के अकाउंटिंग विभाग की जिम्मेदारी संभालने वाले और अन्य मटीरियल सप्लाई करने वाले बड़े वैंडर्स पर भी कार्रवाई की गई है।

# बिहार में परीक्षा रद्द करने के आंदोलन ने जोर पकड़ा

## बिहार बंद, ट्रेन व बस रोकी गयीं, छात्रों ने मुख्यमंत्री आवास घेरने का प्रयास किया

**■ प्रशांत किशोर का गांधी मैदान पर आमरण अनशन जारी रहा। जिला प्रशासन ने गांधी मैदान पर धरना देने को अवैध घोषित किया।**

पटना, 03 जनवरी। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) को रद्द करने, मृत छात्र को पांच करोड़ का मुआवजा और पुलिस लाठीचार्ज के दोषियों को सजा देने की मांग को लेकर, सांसद पप्पू यादव के बिहार बंद के आव्हान पर आज उनके समर्थकों ने ट्रेन और बसों को रोककर प्रदर्शन किया। दूसरी तरफ विपक्षी दलों के छात्र संगठन मुख्यमंत्री (सीएम) आवास को घेरने निकले तथा जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं।

सांसद यादव के समर्थक शुक्रवार सुबह पटना के सचिवालय हॉल्ट पहुंचे और पैसेंजर ट्रेन और संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को रोका। बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांग के समर्थन में रेलवे ट्रैक पर लेट गए। हालांकि पहले से तैनात और मुस्तैद पटना पुलिस ने यादव के समर्थकों को ट्रैक से हटाया और रेल सेवा को बहाल किया। यादव भी सचिवालय हॉल्ट पहुंचे। इसके बाद उन्होंने सचिवालय हॉल्ट से आयकर गोलंबर तक पैदल मार्च किया।

प्राप्त सूचना के अनुसार, यादव के समर्थकों ने मधेपुरा स्टेशन पर भी एक पैसेंजर ट्रेन को रोक दिया। इसके साथ ही, उन्होंने बिहार के 12 जिलों पटना, रोहतास, भोजपुर, सुपौल, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया, लखीसराय, औरंगाबाद, भागलपुर और अररिया में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राजकीय राजमार्गों को जाम किया है।

यादव ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि वह बीपीएससी छात्रों के लिए लाठी-गोली खाने को तैयार हैं तथा सदन से सड़क तक बीपीएससी छात्रों की लड़ाई लड़ेंगे। वे बीपीएससी की दुबारा परीक्षा कराने को लेकर उच्चतम न्यायालय तक जाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल से बात हुई है। पेपर लीक आज के समय का सबसे बड़ा मुद्दा हैं।

इस बीच, इंडिया गठबंधन के छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई), ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (एआईएसए), अखिल भारतीय छात्र संघ (एआईएसएफ) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांग के समर्थन में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले लेकिन पहले से मुस्तैद पुलिस ने उन्हें डाकबंगला चौराहा पर बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। हालांकि इस घेराव में शामिल छात्रों ने पुलिस बैरिकेडिंग को तोड़ दिया और आगे निकल गए।

वहीं, जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर बीपीएससी छात्रों के साथ बिहार की ध्वस्त शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ पांच मांगों को लेकर लगातार दूसरे दिन पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं।

गौरतलब है कि बीपीएससी 70वीं पीटी की परीक्षा 13 दिसंबर 2024 को हुई थी। अभ्यर्थियों ने कहा था कि पटना के बापू परीक्षा केंद्र पर हुई परीक्षा का पेपर उस दिन ही लीक हो गया था। आयोग ने भी गड़बड़ी मानी थी और बापू परीक्षा केंद्र पर दुबारा परीक्षा करवाने की बात कही थी। उसी दिन विरोध प्रदर्शन कर रहे एक अभ्यर्थी को पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने थप्पड़ मार दिया था। इसके बाद मामले ने तूल पकड़ा और परीक्षार्थी गर्दनीबाग में धरने पर बैठ गए।

इस कड़ी में बीपीएससी की पीटी परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर प्रशांत किशोर के आव्हान पर 29 दिसंबर 2024 को गांधी मैदान में छात्र संसद हुई। मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ रहे कैंडिडेट्स पर तीसरी बार लाठीचार्ज किया गया। किशोर, उनकी पार्टी जन सुराज के अध्यक्ष मनोज भारती, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी आनंद मिश्रा, कोचिंग संचालक रहमांशु मिश्रा समेत 21 लोगों पर नामजद और 600 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।

### कोचिंग सैन्टरों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अदालती आदेश की पालना में 33 जिलों के कोचिंग सेंटरों की सूची पेश की गई। अदालत ने शेष जिलों के कोचिंग सेंटरों की सूची भी पेश करने को कहा है।

दूसरी ओर कोचिंग सेंटर्स की ओर से कहा गया कि गाइडलाइन की पालना नहीं करने पर जुर्माना लगाया जा सकता है। कोचिंग सेंटरों की बढ़ती संख्या को विनियमित करने के लिए उनका पंजीकरण किया जाना चाहिए। कोचिंग सेंटर्स की ओर से यह भी कहा गया कि गाइड लाइन के बजाए, इस संबंध में कानून बने तो बेहतर होगा।

इस पर अदालत ने कहा कि फिलहाल गाइडलाइन के तहत कोचिंग सेंटरों का पंजीकरण कर उसमें बताए पैरामीटर की पालना सुनिश्चित की जाए।

गौरतलब है कि कोचिंग सेंटरों के विद्यार्थियों के द्वारा आए दिन आत्महत्या करने को लेकर हाईकोर्ट ने कुछ वर्षो पहले स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लिया था।

# दो दिन और रहेगा उत्तर भारत में घना कोहरा

**■ कश्मीर में बर्फबारी तथा पंजाब-हरियाणा में दिन में भी सर्दी होने का अनुमान है।**

नयी दिल्ली, 03 जनवरी। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और पश्चिमोत्तर भारत के मैदानी इलाकों में अगले दो से तीन दिन बारिश होने और घना कोहरा छाये रहने के आसार हैं। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को बताया कि अगले दो दिनों तक उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाने और दिन में सर्द स्थिति रहने का अनुमान है। उसके बाद स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है।

मौसम विभाग ने कहा, पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 07 जनवरी तक और उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में 05 और 06 जनवरी को बारिश होने के आसार हैं।

वहीं, 04 और 05 जनवरी को जम्मू-कश्मीर में भी भारी बारिश और बर्फबारी का अनुमान है।

विभाग ने कहा, 03 और 04 जनवरी को पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के अलग-अलग इलाकों के साथ-साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ हिस्सों तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में दिन में ठंड रहने के आसार हैं।

विभाग ने अगले चार दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि और उसके बाद 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट का भी संकेत दिया है। वहीं, 24 घंटों के दौरान पूर्वी भारत में न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके बाद के 2-3 दिनों में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।

### 'जूनियर इंस्ट्रक्टर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

करने की रियायत का कोई जिक्र नहीं किया। राजस्थान में इस भर्ती प्रक्रिया को चुनौती देते हुए किशोर कुमावत समेत कई अभ्यर्थियों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। राजस्थान उच्च न्यायालय की एकलपीठ ने इन सभी अभ्यर्थियों को ऑफलाइन आवेदन फॉर्म भरने के आदेश दिए थे। परंतु इन अभ्यर्थियों ने नियम-प्रक्रिया के कानून को चुनौती नहीं दी थी, इसलिए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को खंडपीठ में अपनी याचिका दायर करने की छूट दी थी।

उल्लेखनीय है कि जूनियर इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति 84 में से 16 ट्रेड्स में की जा रही है, जिसमें हजारों पद खाली पड़े हैं। याचिकाकर्ता की ओर से राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ में कहा गया कि, यह नियम-कायदे केन्द्र सरकार के अधीन आते हैं, जबकि केन्द्र सरकार ने नियुक्ति के बाद 3 वर्ष में सर्टिफिकेट पेश करने की छूट दी थी तो राज्य सरकार ने यह रियायत क्यों नहीं दी। इस दलील को स्वीकारते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय ने उन सभी याचिकाकर्ताओं को भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने के लिए कहा है, जिनके पास सी.आई.टी.एस. सर्टिफिकेट नहीं हैं, लेकिन उन्होंने ऑफलाइन-ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भर दिए हैं। अब इस मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद पुनः होगी।

# कुकी समुदाय के हमले में पुलिस अधीक्षक घायल

**■ कुकी समुदाय इंफाल पूर्वी जिले में बॉर्डर पर गाँव से सुरक्षा बल हटाने की मांग कर रहा था। मांग पूरी नहीं हुई तो उन्होंने एस.पी. कार्यालय पर हमला कर दिया।**

इंफाल, 03 जनवरी। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शुक्रवार शाम को कुकी समुदाय के लोगों ने पुलिस अधीक्षक (एस.पी.) ऑफिस पर हमला कर दिया। हमले में एस.पी. मनोज प्रभाकर सहित कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, कुकी लोगों की मांग इंफाल पूर्वी जिले के बॉर्डर पर मौजूद गांव सैबोल से सुरक्षाबल को हटाने की है। समुदाय का आरोप है कि एस.पी. ने सेंट्रल फोर्स को गांव से बाहर नहीं निकाला है।

अधिकारियों ने कहा कि आदिवासी एकता समिति ने डिप्टी कमिश्नर ऑफिस भी बंद कराया, ऑफिस पर फायरिंग की गई और पत्थर फेंके गए। कई वाहनों को नुकसान हुआ है। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में कई प्रदर्शनकारी भी घायल हो गए हैं।

दरअसल, सैबोल गांव में 31 दिसंबर को सुरक्षाबलों ने कथित तौर पर महिलाओं पर लाठीचार्ज किया था। इसके विरोध में कुकी संगठन के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं।

घटना थमनपोकपी के पास उयोकचिंग इलाके में हुई थी। भीड़ ने आर्मी, बीएसएफ और सीआरपीएफ की तैनाती में बाधा पहुंचाई थी।

पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ा था, जिससे स्थिति कंट्रोल में आई। सुरक्षाबलों को पहाड़ी इलाकों में तैनात किया गया। घटना के विरोध में आदिवासी एकता समिति ने मांग की थी कि सेंट्रल फोर्सेस को गांव से वापस बुलाया जाए।

# अल्लू अर्जुन को जमानत मिली

हैदराबाद, 03 जनवरी। अल्लू अर्जुन को शुक्रवार को नामपल्ली कोर्ट से नियमित जमानत मिल गई है। यह केस संध्या थिएटर में हुई भगदड़ के मामले से संबंधित है। 4 दिसंबर को जब अभिनेता की फिल्म पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग संध्या थिएटर में हो रही थी, तभी भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई और एक बच्चा घायल हो गया था। बीते 13 दिसंबर को चार सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत देते हुए हाई कोर्ट ने अल्लू अर्जुन से नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट जाने को कहा था। अल्लू अर्जुन को 4 दिसंबर को संध्या थिएटर में 'पुष्पा 2: द रूल' के प्रीमियर शो के दौरान हुई भगदड़ के सिलसिले में दर्ज मामले में 13 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था। अभिनेता को नामपल्ली कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

# कोटा में हुआ वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का सफल ट्रायल

## जल्दी ही लम्बी दूरी के लिए वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरु कर दी जाएगी

**■ कोटा डिवीज़न में तीन दिन से वंदे भारत का सफल ट्रायल चल रहा है, जिसके ट्रेन ने फुल लोडेड (एच.एम.पी.वी.) स्थिति में 180 किलोमीटर प्रति घंटा की चरम रफ्तार प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की।**

**■ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर सफल ट्रायल की जानकारी दी।**

**■ ट्रायल एक माह तक चलेंगे, उसके बाद वंदे भारत स्लीपर ट्रेन लाँच की दी जाएगी।**

नई दिल्ली, 3 जनवरी। राजस्थान के कोटा डिवीज़न में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का सफल ट्रायल हुआ जिसमें ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटा की उच्चतम रफ्तार पकड़ने में भी सफलता प्राप्त की।

कोटा डिवीज़न में गत तीन दिन से वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल चल रहा है जो इस माह के अंत तक चलेगा उसके बाद लम्बी दूरी के रेल यात्रियों के लिए भी वंदे भारत ट्रेन शुरु कर दी जाएगी।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने पिछले तीन दिनों में अपने कई परीक्षणों में 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति हासिल की है। जानकारी के मुताबिक, वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का यह परीक्षण जनवरी के अंत तक जारी रहेगा। उसके बाद देश भर के रेल यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए यह विश्व-स्तरीय यात्रा उपलब्ध कराई जाएगी। राजस्थान के कोटा डिवीजन में सफल परीक्षण का एक वीडियो साझा करते हुए, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर अपनी पोस्ट में इसकी गति का जिक्र किया है।

इस वीडियो में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के अंदर एक मोबाइल के बगल में पानी से भरा गिलास रखा हुआ है। जो कि ट्रेन के 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दौड़ने के दौरान पूरी तरह से स्थिर देखा जा सकता है। शुरुआत में चलती ट्रेन की गति 180 किलोमीटर प्रति घंटे से नीचे फिर 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम और स्थिर गति हासिल करती है। रेलवे की तरफ से यह पोस्ट 3 दिनों के सफल परीक्षणों के बाद आया है, जो 2 जनवरी को खत्म हुआ है, जिसमें वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने अपनी फुल लोडेड स्थिति में अधिकतम गति हासिल की।

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को राजस्थान के बूंदी जिले में कोटा और लबान के बीच 30 किलोमीटर लंबे ट्रायल रन के दौरान ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति हासिलकी। वहीं इसने 2025 के पहले दिन रोहल खुर्द से कोटा के बीच 40 किलोमीटर लंबे ट्रायल रन में180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति हासिल की थी। इसी दिन कोटा-नागदा और रोहल खुर्द-चौमहला सैक्शन पर 170 किलोमीटर प्रति घंटे और 160 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति हासिल की थी। अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) लखनऊ की निगरानी में ये ट्रायल जनवरी महीने तक जारी रहेंगे। एक बार ट्रेन के परीक्षण पूरे हो जाने के बाद, रेलवे सुरक्षा आयुक्त की तरफ सेअधिकतम गति पर ट्रेन का मूल्यांकन किया जाएगा। जबकि अंतिम चरण में सफल होने के बाद ही, वंदे भारत ट्रेनों को आधिकारिक रूप से प्रमाणित किया जाएगा।

### मनमोहन ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गौरतलब है कि डॉ सिंह का पिछले माह 26 दिसंबर को निधन हो गया था और 28 दिसंबर को उनका निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

### हाई कोर्ट ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इसलिए उन्हें जमानत का लाभ दिया जाए। इसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि आरोपियों ने एक राय होकर हिंसा की है और वे आगजनी के आरोपी भी हैं। यदि उन्हें जमानत दी गई तो वे साक्ष्य को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए उनकी जमानत याचिकाओं को रद्द किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने याचिकाकर्ताओं को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

गौरतलब है कि गत 13 नवंबर को देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर हुए उप चुनाव के दौरान, निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा ने एसडीएम को थप्पड़ मारा था। बाद में जब नरेश मीणा को हिरासत में लिया गया तो उसके समर्थकों ने प्रदर्शन और आगजनी की थी। इसके बाद नगरफोर्ट थाना पुलिस ने याचिकाकर्ताओं सहित, दर्जनों लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

# चीन में एक और वायरस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लिम्पोमा से पीड़ित लोग, इम्यूनोकम्प्रोमाइज्ड लोग तथा 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले लोग एस.एम.पी.वी. से अपेक्षाकृत जल्दी संक्रमित होते हैं।

जीवन में एक बार एच.एम.पी.वी. से संक्रमित होने के बाद, बार-बार संक्रमित होने की संभावना बढ़ जाती है। दुनिया में 6-40 प्रतिशत श्वसन संबंधी प्रचंड बीमारियों का कारण यही वायरस है। उम्रदराज लोगों के अलावा, अन्य आयु वर्ग के लोगों में एच.एम.पी.वी. का संक्रमण हल का रहता है। इसके कारण गंभीर बीकारियाँ, जिनमें निमोनिया तथा ब्रॉन्काइटिस शामिल है, होती हैं तथा इसके 50 प्रतिशत रोगियों की मृत्यु हो जाती है तथा अस्पताल में भती 60 प्रतिशत लोगों में विकृति पैदा हो जाती है। ऐसा अनुमान है कि बच्चों के मामले में एच.एम.पी.वी. संक्रमण की वार्षिक दर के अनुसार, 1000 बच्चों में 55 बच्चे इससे पीड़ित होते हैं। एक हजार में से एक बच्चा ही अस्पताल में भर्ती होता है, जबकि, बच्चों की तुलना में, वयस्कों में संक्रमण की दर 3 प्रतिशत है। जटिल बीमारियों से ग्रस्त लोग इस आँकड़े में शामिल नहीं है।

ऐसा माना जाता है कि एच.एम.पी.वी. की उत्पत्ति पक्षियों से होती है। यह एवियन मेटान्यूमोवाइरस (एम.एम.पी.वी.) से नज़दीकी से जुड़ा है। ए.एम.पी.वी. पक्षियों, खासतौर से मुर्गों को संक्रमित करता है। जेनेटिक शोध बताते हैं कि एच.एम.पी.वी. तथा ए.एम.पी.वी.-दोनों के पूर्वज एक ही थे। हज़ारों साल पहले, एम.एम.पी.वी. का रुख मानवों की ओर हो गया था।

इस वायरस की पहचान सबसे पहले 2001 में नीदरलैण्ड्स में उस समय हुई, जब शोधकर्ताओं की एक टीम बच्चों के श्वसन संबंधी सैम्पलों का विश्लेषण कर रही थी तथा श्वसन संबंधी संक्रमण के कारण का पता नहीं चल रहा था। उसके बाद, तत्संबंधी अध्ययनों ने बताया कि एच.एम.पी.वी. दशकों से पूरी दुनिया के मानवों तक पहुँच चुका है, भले ही इसकी खोज बाद में हुई हो।

अध्ययनों में बताया गया है कि अन्य वायरस तथा बैक्टीरिया के साथ सह-संक्रमण लक्षणों तथा बीमारियों की तीव्रता बढ़ जाती है। ये लक्षण हल्के (खाँसी-बुखार) से लेकर ज्यादा गंभीर (ब्रॉन्काइटिस तथा निमोनिया) तक फैले हुये है तथा ये श्वसन संबंधी अन्य वायरल संक्रमणों जैसे ही होते हैं।

एच.एम.पी.वी. आमतौर से, कोविड-19 की तुलना, कम गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। इससे श्वसन संबंधी गंभीर स्थितियाँ तो पैदा हो सकती है, लेकिन इसके कारण वैशिक महामारी या सार्स-कोव-2 जैसी बड़े पैमाने पर मौतें नहीं हुई हैं। ज्ञातव्य है कि सार्स-कोव-2 नामक वायरस कोविड-19 के लिये जिम्मेदार था।

इसके अलावा खासतौर से एच.एम.पी.वी. के लिये एंटीवायरल दवाएं उपलब्ध नहीं है, जबकि फ्लू तथा कोविड-19 के लिये इलाज उपलब्ध था।

### 2002 के मर्डर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जाँच के आदेश दिये, जो कुरुक्षेत्र के पुलिस स्टेशन सदर, थानेसर में दर्ज था।

जब ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ, यह प्रकरण उच्च न्यायालय पहुँचा, तो न्यायालय ने पाया कि सी.बी.आई. अपराध के उद्देश्य तक नहीं पहुँच सकी है, बल्कि प्रॉसिक्यूशन केस पर "सन्देहों का पर्दा पड़ा हुआ है।"

राम रहीम हरियाणा के रोहतक की सुनारिया जेल में है तथा अपनी दो शिष्याओं के साथ दुष्कर्म करने के मामले में 20 साल की जेल की सजा काट रहा है।

सी.बी.आई. के आरोप पत्र के अनुसार, गुरमीत राम रहीम सिंह को यह संदेह था कि रणजीत सिंह डेरा अनुयाइयों में गुमनाम पत्र बाँट रहा है, जिनमें राम रहीम पर यह आरोप लगाया गया है कि वह डेरा में अपनी शिष्याओं का यौन-शोषण करता था। इस पत्र के आधार पर ही, राम रहीम के खिलाफ 2002 में दुष्कर्म का केस दर्ज हुआ था।

# प्र.मंत्री मोदी ने केजरीवाल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हुये, प्रधानमंत्री ने कहा, "यह वर्ष राष्ट्र निर्माण तथा जन-कल्याण पर केन्द्रित नई राजनीति लाएगा। इसलिये, "आपदा" हटनी चाहिये तथा भाजपा लाई जानी चाहिये।"

मोदी ने कहा कि केन्द्र के प्रयासों, जिसमें आयुष्मान भारत चिकित्सा योजना की लॉन्चिंग भी शामिल है, के बावजूद, आप ने दिल्ली में इन योजनाओं को रोक दिया है तथा इनके लाभ दिल्लीवासियों तक नहीं पहुँचने दिये हैं।

इस बीच, आप प्रमुख ने प्रधानमंत्री के भाषण पर पलटवार किया और भगवा पार्टी को "गरीबों की दुश्मन" बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने "दिल्ली में कच्ची बस्तियों और झुग्गी -झौंपड़ियों को ध्वस्त करके, दो लाख से अधिक लोगों को बेघर कर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी की इस टिप्पणी, कि दिल्ली में "आपदा" है, का उल्लेख करते हुये, केजरीवाल ने कहा, "भाजपा के सामने "आपदा" यह है कि उसके पास न तो मुख्यमंत्री का कोई चेहरा है, न बताने के लिये कोई उपलब्धि है और न दिल्ली के चुनावों के लिये कोई मुद्दे हैं।"

इसके अलावा, प्रधानमंत्री द्वारा उन पर किये गये "शीशमहल" के कटाक्ष की प्रतिक्रिया में कहा कि वे स्वयं को व्यक्तिगत हमले में नहीं उलझाते।

अशोक विहार की सभा में बोलते हुये, प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली पर यह "आपदा" आप के रुप में आई है। "इसलिये, दिल्ली के निवासियों ने इस "आपदा" के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया है। दिल्ली के मतदाताओं दृढ़ निश्चय कर लिया है कि दिल्ली को इस "आपदा" से मुक्त कर देंगे।"

उन्होंने कहा कि आप सरकार पहले तो भ्रष्टाचार में लिप्त होती है और फिर उसका महिमामंडन करती है। उन्होंने कहा, "पहले चोरी और फिर सीनाजोरी।"

राजधानी के मतदाताओं से अपील करते हुये, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस "आपदा" (आप) को हटाना है और भाजपा सरकार को लाना है।

### कांग्रेस ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कांग्रेस की तरफ से जारी प्रेस विज्ञिप्त में कहा गया है कि केन्द्रीय चुनाव समिति ने कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से दिल्ली विधान सभा के आगामी आम चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में अलका लांबा की उम्मीदवारी को मंजूरी दे दी है। अलका लांबा ने नए साल पर कालकाजी मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की थी। इसके बाद से ही अटकलें लगने लगी थीं कि वे यहां से विधानसभा चुनाव लड़ सकती हैं।

टिकट मिलने पर अलका लांबा ने पार्टी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि मैं चौथी बार विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही हूं। उन्होंने कहा कि मेरी लड़ाई प्रदूषित हवा, प्रदूषित यमुना और अपराध के खिलाफ है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908